दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली।। शुक्रवार 15 मार्च -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 156 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3










## चुनाव आयुक्त बनाए गए ज्ञानेश कुमार और सुखविंदर संधू, सरकार ने नियुक्ति को लेकर जारी की अधिसूचना



नई दिल्ली। सरकार ने गुरुवार को नए चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर अधिसूचना जारी कर दी। बता दें कि पूर्व नौकरशाह ज्ञानेश कुमार और सुखविंदर संधू को नए चुनाव आयुक्त की जिम्मेदारी संभालेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में 7 लोक कल्याण मार्ग में चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर बैठक हुई। इस बैठक में ज्ञानेश कुमार और सुखविंदर संधू के नाम पर सहमति बन गई और अब सरकार ने अधिसूचना (नोटिफिकेशन) भी जारी कर दी है।

## यूपी में निर्विरोध चुने गए विधान परिषद के 13 सदस्य

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानपरिषद चुनाव के नतीजे आ गए हैं। विधानपरिषद में कुल 13 सीटें खाली थीं और इनके लिए 13 उम्मीदवारों ने ही नामांकन किया था। इसमें बीजेपी के 7, अपना दल (एस), आरएलडी, सुभासपा के 1-1 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था। वहीं सपा के तीन उम्मीदवार मैदान में थे। इनके अलावा अन्य किसी ने भी उम्मीदवारी नहीं भरी थी। इस सूरत में सभी प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हो गए।

### चुनावी मौसम में जनरल ने दिया है अपनी लोकसभा में प्राइम टाइम

# की है 60+ घंटों की विजिट देखना है अब यहां किसके नाम की खुलती है डिजिट



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। लोकसभा का टिकट होल्ड है और चचाएं पूरी बोल्ड हैं। सभी वेट एंड वॉच वाले मोड पर हैं। ऐसे में लोकसभा सांसद जनरल वीके सिंह की ताबड़तोड़ पारी कुछ और ही संकेत कर रही हैं। वो लगातार अपनी लोकसभा क्षेत्र में विजिट कर रहे हैं और विजिट के घंटों वाली डिजीट बता रही है कि जनरल वीके सिंह की स्पीड में कोई कमी नहीं है। रेल से लेकर हाईवे तक वो लगातार उद्घाटन वाले सीन में हैं। दो-दो केन्द्रीय मंत्रालय संभालने के बाद वो अपने बिजी शैड्यूल में से समय निकालकर अपनी लोकसभा में ईजी दिखाई दे रहे हैं। यदि जनरल वीके सिंह का फरवरी से लेकर मार्च तक का गाजियाबाद प्रवास देखें तो 19 फरवरी से लेकर 14 मार्च तक वो 56 घंटों से भी ज्यादा टाइम अपनी लोकसभा को दे चुके हैं। 19 फरवरी में उन्होंने ढाई घंटे गाजियाबाद में दिये। 22 फरवरी को साढे छह घंटे गाजियाबाद में रहे हैं। 23 फरवरी को साढे सात घंटे गाजियाबाद में बिताये हैं। 24 फरवरी को वो सुबह 11.30 बजे गाजियाबाद आये और रात को 10.30 बजे गये हैं। 25 फरवरी को वो 10.30 बजे गाजियाबाद आये और शाम 6 बजे तक गाजियाबाद रहे हैं। 26 फरवरी को वो 11.30 बजे आये हैं और दोपहर 3 बजे गये हैं। 6 मार्च को जनरल वीके सिंह सुबह 9 बजे से लेकर रात्रि 8 बजे तक अपनी लोकसभा में रहे हैं। 9 मार्च को वह गाजियाबाद आयें हैं। 10 मार्च को क्रिकेट स्टेडियम के उद्घाटन के लिए आयें हैं और 12 मार्च को जनरल वीके सिंह सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक अपनी लोकसभा में रहे हैं। 14 मार्च को वह मुरादनगर में फ्री बिजली परियोजना का उद्घाटन करने आयें हैं और 15 मार्च यानी आज जनरल वीके सिंह अपनी लोकसभा में रहे हैं। इस तरह से विजीट की ये डिजीट बता रही है कि टिकट होल्ड हो या घोषित हो जनरल इन सबसे बेखबर अपनी लोकसभा में विकास से लेकर रिलेशन तक नजर आ रहे हैं। मगर डिजिट किसके नाम की खुलेगी इस पर सस्पेंस जबरदस्त बना हुआ है।

### विकास से लेकर व्यक्तिगत कार्यक्रम में सहभागिता

करंट काइम। 19 फरवरी को ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में रहे हैं तो 22 फरवरी को वो मोदीनगर में विकास अग्रवाल की शोक सभा में पहुंचे हैं। इसी दिन ओपन जिम का उद्घाटन किया है और सांसद निधि से उन्होंने शमशान घाट के सौन्दर्यीकरण से लेकर सड़क के उद्घाटन में विकास की सौगात दी है। कंबल वितरण किये हैं। 23 फरवरी को जनरल फिर जलालाबाद गांव, चितौड़ा गावं, मटियाला गांव में विकास की सौगात दे रहे हैं तो वसुधरा में पार्टी बैठक में शामिल हुए हैं। 24 फरवरी में कलैक्ट्रेट में मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना बीमा के चैक बांटे हैं तो गोविंदपुरम अनाज मंडी में व्यापारियों को विकास की सौगात दी है। इसी दिन कलैक्ट्रेट में दिशा बैठक ली है और रामलीला मैदान घंटाघर में श्याम फाल्गुन महोत्सव में शामिल हुए हैं। 25 फरवरी को राजनगर में लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया है। एनजीओ सम्मेलन भाजपा को संबोधित किया है और अन्य कार्यक्रमों में रहे हैं। 26 फरवरी को कड़कड़ मॉडल अंडर पास की आधारशिला रखी है और इसी दिन लोनी में शक्ति वंदन अभियान में भाग लिया है। 6 मार्च को वो मुरादनगर में रैपिड मेट्रो स्टेशन के पास दुहाई-मोदीनगर नमो भारत सेवा का उद्घाटन करके गये हैं। एमएमजी सरकारी अस्पताल में मैडिकल कैम्प का उद्घाटन किया है। 9 मार्च को वो राजा वर्मा के पुत्र के विवाह समारोह के अवसर पर आयोजित सुंदरकांड पाठ में शामिल हुए हैं। 10 मार्च को जनरल वीके सिंह राजनगर एक्सटेंशन में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के भूमि पूजन समारोह में शामिल हुए हैं। 12 मार्च को जनरल वीके सिंह ने विकास भवन सभागार में सांसद निधि से कराये गये समस्त विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया है। इसी दिन अपनी लोकसभा क्षेत्र में आने वाले धौलाना क्षेत्र के दहपा गांव से सांसद निधि से किये गये विकास कार्यों का लोकार्पण किया है और 14 मार्च बृहस्पतिवार को उन्होंने मुरादनगर के काकड़ा गांव में प्रधानमंत्री सूर्य घर के अंतर्गत फ्री बिजली योजना की शुरूआत की है।

### पार्षद उर्मिला चौहान के निधन पर शोक व्यक्त करने आज आयेंगे जनरल

**करंट क्राइम।** जनरल वीके सिंह का फरवरी और मिड मार्च का रिपोर्ट कार्ड बता रहा है कि वो अपनी लोकसभा में विकास और रिलेशन दोनों में ही अव्वल चल रहे हैं। वो लगातार विजिट कर रहे हैं और रैपिड रेल से लेकर सांसद निधि के विकास कार्यों का लोकार्पण किया है। वो राजा वर्मा के यहां खुशी में शामिल हुए हैं तो मोदीनगर में दुख की घड़ी में आये हैं। आज वो फिर नेहरूनगर में भाजपा के क्षेत्रीय महामंत्री प्रदीप चौहान की पत्नी तथा निगम पार्षद उर्मिला चौहान के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए आ रहे हैं। इसके अलावा वो धौलाना के दहपा गांव में भी सांसद निधि से कराये गये कार्यों का लोकार्पण करेंगे।

# लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी ने संभाली कमान

### अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारियां और व्यवस्थाएं

### निर्वाचन ड्यूटी वाले अधिकारियों को बिना अनुमति के नहीं छोड़ना होगा जिला



गाजियाबाद, करंट क्राइम। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्वक, निष्पक्ष और स्वतंत्र रूप से करने के लिए जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने निर्वाचन 2024 को लेकर प्रभारी और सहप्रभारी अधिकारियों की नियुक्ति के साथ एक बैठक की। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को प्रभारी अधिकारी बनाते हुए कार्मिक एवं प्रशिक्षण स्वीप की व्यवस्थाओं कार्यों की जिम्मेदारी सौंपी है। जिसमें ईवीएम व्यवस्था, मतदाता सूची संबंधित समस्त कार्य, स्ट्रांग रूम, मानचित्रों की तैयारी, लेखन सामग्री, मतदान पत्र व्यवस्था, पोस्टल-बैलेट व्यवस्था, प्राप्ति एवं प्रशिक्षण निर्वाचन सामग्री, आचार संहिता कानून एवं शांति व्यवस्था, सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, प्रेषक व्यवस्था, वीडियोग्राफी, वेब कास्टिंग, सीसीटीवी, निर्वाचन में कंट्रोल रूम, कॉल सेंटर निर्वाचन संबंधी शिकायत प्रकोष्ठ सहित अन्य प्रमुख व्यवस्थाओं और चिकित्सा व्यवस्था, आईटी सेल, साइबर सिक्योरिटी से लेकर खान-पान और अग्नि की व्यवस्था का लेकर भी जिम्मा सौंपा है। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा है कि सभी प्रभारी अधिकारी से प्रभारी अधिकारी अपने पद के दायित्व के प्रति अपनी जानकारी बढ़ाने के लिए संपर्क में रहें और मुख्य निर्वाचन आयोग से मिलने वाले दिशा-निर्देशों के अनुरूप ही कार्य करें।

### अधिकारियों को दिए एक्टिव और कनेक्टिव रहने के निर्देश

**करंट क्राइम।** जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने आगामी लोकसभा चुनाव को बेहतर ढंग से संपन्न करने के लिए अपने अधिकारियों और कर्मचारियों को संपर्क में रहने से लेकर एक्टिव और लोगों से कनेक्टिव रहने के साथ ही आने वाली सूचनाओं और जानकारी पर अपडेट रहने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही कहीं पर भी अगर किसी प्रकार से चुनावी आचार संहिता लागू होने के बाद नियमों के विरुद्ध काम किया जा रहा है, तो ऐसे मामलों का संज्ञा लेने का भी उन्होंने सभी को निर्देश दे दिया है।

### अधिकारियों को जिला मुख्यालय बिना अनुमति के नहीं छोड़ने का निर्देश

जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अलग-अलग जिम्मेदारियां को संभालने वाले अधिकारियों को कहा है कि कोई भी अधिकारी जिला मजिस्ट्रेट की अनुमति के बिना जिला मुख्यालय नहीं छोड़ेगा। चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्वक एवं सुचारु रूप से संपन्न करना ही प्रत्येक अधिकारी का लक्ष्य होना चाहिए। साथ ही मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने से ज्यादा से ज्यादा मतदान करने पर जोर दिया जाए। डीएम ने सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि किसी प्रकार की चूक वह चुनाव में बर्दाशत नहीं करेंगे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जीडीए सचिव, अपर नगर आयुक्त, सभी एडीएम, सिटी मजिस्ट्रेट, एसडीम सहित अन्य अधिकारी इस महत्वपूर्ण बैठक में उपस्थित रहे।

### इस बार समझौते वाली कांग्रेस क्यों हो गई अपनी परम्पराओं से दूर

# ना दावेदारों से मांगा कोई बायोडाटा और ना पार्टी कार्यालय पर निभाया गया ऐसा दस्तूर

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। 1985 के दशक में देश पर राज करने वाली कांग्रेस वर्ष 2014 के बाद से अपने सियासी वजूद की लड़ाई लड रही है। उत्तर प्रदेश की बात करें तो वर्ष 2014 के बाद से उसने कई चुनौतियों का सामना किया है। अमेठी जैसी सीट कांग्रेस हार गई और जब उसने सपा से हाथ मिलाकर विधानसभा का चुनाव लड़ा तो वो उत्तर प्रदेश में केवल सात सीटें ले पाई और जब वर्ष 2022 में वो अपने दम पर लड़ी तो केवल दो सीटों पर सिमट गई। अब लोकसभा चुनाव है तो एक बार फिर से कांग्रेस का हाथ समाजवादी साईकिल के साथ है और उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी ने उसे गठबंधन समझौते में 17 सीटें दी। माना कि पार्टी 17 सीटों पर अपना उम्मीदवार उतारेगी लेकिन जिन लोकसभा सीटों पर ये उम्मीदवार उतरने है वहां चुनावी मौसम जैसा कोई माहौल नहीं दिखाई दे रहा है। वरना एक दौर था जब चुनाव आते ही दावेदारी का त्यौहार होता था। हर जिले में कांग्रेस का दफ्तर टिकट मांगे वाले दावेदारों और उनके साथ आये समर्थकों से गुलजार होता था। लेकिन इस बार पता नहीं कैसी बयार है कि कांग्रेस दफ्तरों से रौनक गायब है। समझौता करने के बाद जिन सीटों पर कांग्रेस को चुनाव लड़ना है वहां दावेदार ही नहीं दिखाई दे रहे हैं। दायें बायें से कोई नाम चर्चा में जाये तो आ जाये लेकिन कांग्रेस आ दस्तूर अभी बहुत दूर दिखाई दे रहा है। कांग्रेस अपनी परम्परा का पालन पता नहीं क्यों नहीं कर रही है। गाजियाबाद से लेकर यूपी के अन्य जिलों में यही हाल चल रहा है। वरना एक दौर था जब दावेदारी शुरू होती थी तो कांग्रेस के पर्यवेक्षक आते थे। वो सबसे राय शुमारी करते थे। कांग्रेस के पार्टी कार्यालय पर मेला लगा करना था और टिकट मांगने वाले दावेदार अपने साथ समर्थकों का हुजुम लेकर आते थे। नारेबाजी होती थी और लगता था कि दावेदारी हो रही है। लेकिन इस बार वो परम्परा ही दिखाई नहीं दे रही। ना दावेदार दिखाई दे रहे हैं ना कांग्रेस के दफ्तर गुलजार दिखाई दे रहे हैं।

### आज हो सकती है कांग्रेस के उम्मीदवारों की लिस्ट फाइनल

## डॉली, सुशांत या कोई हो सकता है बाहरी





करंट क्राइम। आज दिल्ली में कांग्रेस की केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक है। ये माना जा रहा है कि कांग्रेस की सीईसी की बैठक में उम्मीदवारों के नाम की घोषणा हो सकती है। उम्मीदवारों के नाम पर मुहर लग सकती है। यहां से उम्मीदवारी को लेकर आधिकारिक रूप से कोई बायोडाटा नहीं गया है लेकिन गाजियाबाद दिल्ली के पास है तो ये संभव है कि दावेदारों में कांग्रेस कमेटी के बड़े पदाधिकारियों से सम्पर्क किया हो। सूत्र बताते हैं कि यहां से पूर्व सांसद सुरेन्द्र प्रकाश गोयल के पुत्र सुशांत गोयल भी टिकट की दावेदारी में है। मेयर चुनाव लड़ चुकी पुष्पा रावत भी कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा चुनाव की दावेदारी वाली दौड़ में हैं। इस रेस में लोकल स्तर पर सबसे मजबूत फेस डॉली शर्मा का माना जा रहा है। कांग्रेस वाले ही बता रहे हैं कि अगर डॉली शर्मा ने लोकसभा की दावेदारी गंभीरता से कर दी तो उनका नाम सबसे ऊपर आ सकता है।

### लोकल-इम्पोर्ट या फिर डॉक्टर साहब को सपोर्ट

करंट क्राइम। भगवागढ़ यानि गाजियाबाद की बात करें तो यहां कांग्रेस लोकसभा चुनाव में सुरेन्द्र गोयल के बाद फाईट में नहीं आ पाई। सुरेन्द्र गोयल लोकसभा चुनाव जब लड़े थे तब उनके सामाने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजनाथ सिंह थे। यहां सुरेन्द्र गोयल भले ही चुनाव हार गये थे लेकिन देश की राष्ट्रीय राजनीति के कद्दावर नेता के सामने उन्होंने मुकाबला किया था। उसके बाद अगले चुनाव में कांग्रेस अपना उम्मीदवार बाहर से इम्पोर्ट करके लाई। कांग्रेस यहां पर अपने तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष राज बब्बर को उम्मीदवार के रूप में लेकर आई और नतीजा ये हुआ कि भाजपा के टिकट पर पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे जनरल वीके सिंह के सामने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष की जमानत जब्त हो गई। उसके बाद से कांग्रेस यहां वोटों वाले रण में अपनी पुरानी चोटों को ही सहला रही है। अब कांग्रेस के उम्मीदवार प नजर है। क्योंकि सीट गठबंधन समझौते में उसके खाते में है। ऐसे में ये चर्चा है कि पार्टी किसी स्थानीय चेहरे को यहां से चुनाव लड़ायेगी या फिर कांग्रेस यहां पर बाहर से किसी उम्मीदवार को इम्पोर्ट करेगी। इन सबके बीच एक चर्चा जो लगातार चल रही है वो ये है कि ना तो कांग्रेस अपना लोकल उम्मीदवार लायेगी और ना ही वो उम्मीदवार इम्पोर्ट करेगी बल्कि वो यहां पर डॉक्टर साहब को सपोर्ट करेगी। यदि ऐसा होता है तो ये एक नया प्रयोग होगा। हालांकि सियासी जानकार ये कह रहे हैं कि हम तुम मिलने के बाद भी अगर वो को लाने की स्थिति है तो फिर यहां पर गाजियाबाद फामूर्ला भी अपनाया जा सकता है। पहले भी सपा के टिकट पर बसपा के पूर्व विधायक सुरेश बंसल और रालोद के टिकट पर सपा के पूर्व विधायक सुरेन्द्र मुन्नी चुनाव लड़ चुके हैं तो ऐसे में यह भी हो सकता है। बहरहाल आज जब बैठक होगी तो कांग्रेस के रूख का पता चलेगा।

# लोनी थाने और अंकुर विहार की जल्द बदलेगी तस्वीर

### लोनी थाने में बनेंगे आवासीय भवन और अंकुर विहार थाने की होगी नई बिल्डिंग

गाजियाबाद, करंट क्राइम। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दो बड़ी घोषणा की हैं। इसके तहत पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के लोनी थाने में जल्द ही आवासीय भवनों का निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। इसके लिए लगभग 2 करोड़ से अधिक की धनराशि स्वीकृत कर दी गई है। तो वहीं अंकुर विहार थाने के लिए नई बिल्डिंग भी बनाई जाएगी। इसके लिए लगभग 8 करोड़ 16 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के एक्स हैंडल से यह जानकारी साझा की गई है।

### चुनाव बाद शुरू हो सकता है काम

करंट क्राइम। पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जल्द ही आचार संहिता लागू होने वाली है। ऐसे में हो सकता है कि निर्माण कार्य और अन्य कार्रवाई शुरू न हो पाए लेकिन चुनाव के बाद यहां यह काम शुरू हो जाएगा। पुलिसकर्मियों के लिए जहां आवासीय भवन बनेंगे, तो वहीं एक नई बिल्डिंग भी थाने के लिए आवंटित की जाएगी। जिसको बहुत आधुनिक और आकर्षक रूप देकर बनाया जाएगा। ऐसा होने से पुलिसकर्मियों को काफी सुविधा मिलेगी।

# राकेश टिकैत बोले महापंचायत के जरिए किसानों ने सरकार को दिया खास मैसेज



नई दिल्ली। दिल्ली के रामलीला मैदान में संयुक्त किसान मोर्चा ने किसान महापंचायत का आयोजन किया है। कृषि समस्याओं और किसान विरोधी नियमों से निपटने के लिए किसान दिल्ली के रामलीला मैदान में इक्ट्ठा हुए है। दिल्ली के रामलीला मैदान में हुई इस महापंचायत के दौरान किसान हजारों की संख्या में रामलीला मैदान में जुटे। दोपहर तक जारी रही इस महापंचायत में दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम किए हुए थे। दिल्ली पुलिस ने इस महापंचायत को आयोजित करने के लिए कड़ी शर्तों के साथ ही मंजूरी दी थी। पुलिस ने इस रैली में किसानों को ही हिस्सा लेने की अनुमति दी थी, मगर किसान ट्रैक्टर नहीं ला सकते थे। ना ही किसानों को मार्च करने की भी अनुमति दी गई थी। वहीं किसानों के इस महापंचायत को देखते हुए स्थानीय पुलिस के अलावा बड़ी संख्या में अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गई है। इस दौरान सुरक्षा के लिए ड्रोन से भी नजर रखी गई है। बता दें कि किसान केंद्र को अपनी मांगों को स्वीकार करने के लिए मजबूर करने के लिए किसान बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। कृषि संगठन न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी देने वाले कानून पर जोर देते हैं, यह एक शर्त 2021 में स्थापित की गई थी जब वे अब निरस्त किए गए कृषि कानूनों के खिलाफ अपने आंदोलन को रोकने के लिए सहमत हुए थे। इसके अतिरिक्त, किसान स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने, किसानों और खेत मजदूरों दोनों के लिए पेंशन और कृषि ऋणों की माफी के लिए दबाव डाल रहे हैं। किसानों की यह भी मांग है कि केंद्र लखीमपुर खीरी हिंसा से प्रभावित लोगों को न्याय मिलना चाहिए। वहीं किसानों की महापंचायत को देखते हुए गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी के रामलीला मैदान में भारी भीड़ के बीच भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत ने कहा कि यहां एक बैठक हुई और सरकार को संदेश मिला कि देश के किसान एकजुट है। सरकार को बातचीत से मसला सुलझाना चाहिए क्योंकि बीना बातचीत के ये आंदोलन खत्म होने वाला नहीं है। बता दें कि हजारों किसानों का पंजाब-हरियाणा सीमाओं पर विरोध जारी है, जहां वे 13 फरवरी से डेरा डाले हुए हैं। इन सभी किसानों को दिल्ली मार्च करने के दौरान हरियाणा पुलिस और अर्धसैनिक बलों ने रोक दिया था। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच कई दौर की झड़प भी हुई थी।

# प्रशांत किशोर का बड़ा दावा, बंगाल में बीजेपी प्रंचड जीत की ओर



कोलकाता। मशहूर चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर कभी तृणमूल नेता ममता बनर्जी के लिए काम करते थे। देश का राजनीतिक गलियारा उन्हें पीके के नाम से जानता है। बंगाल की राजनीति के भविष्य का मसौदा उन्हें पता चला है। कम से कम वह तो यही कह रहे हैं। एक इंटरव्यू में प्रशांत किशोर ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में बीजेपी बंगाल की राजनीति में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरेगी। न्यू इंडियन एक्सप्रेस को दिए अपने हालिया इंटरव्यू में प्रशांत किशोर ने कहा कि बीजेपी बंगाल में टीएमसी से बेहतर प्रदर्शन कर रही है। बंगाल में चुनाव का नतीजा बीजेपी के पक्ष में आने की संभावना है और वह लोकसभा में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभर सकती है। हालांकि, इस बयान के साथ उन्होंने दावा किया कि इस तरह का बयान देने पर पश्चिम बंगाल के तृणमूल कार्यकर्ता उन्हें बीजेपी का एजेंट कहेंगे। प्रशांत किशोर का यह भी मानना है कि पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव के बाद तृणमूल कार्यकर्ता बेहद निराश होंगे। उन्होंने आगे कहा, तृणमूल के लिए मुश्किल दिन आने वाले हैं. बंगाल बीजेपी ने उस वीडियो को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। प्रदेश बीजेपी का दावा है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में बंगाल से बीजेपी को जो नतीजे मिलेंगे, उसके बारे में तृणमूल सपने में भी नहीं सोच सकती। लोग तृणमूल को वोट नहीं देंगे क्योंकि राज्य की आम जनता का जमीनी स्तर के भ्रष्टाचार, जमीनी स्तर के अत्याचार और जमीनी स्तर के कुप्रबंधन से मोहभंग हो गया है।यहां तक कि तृणमूल नेताओं की आपसी कलह भी तृणमूल की हार का बड़ा कारण बनेगी. क्योंकि सभी तृणमूल नेता अपना-अपना गन्ना चुनने में व्यस्त हैं। वे न प्रदेश की जनता के बारे में सोचते हैं, न प्रदेश के विकास के बारे में सोचते हैं, वे सिर्फ अपने बारे में, अपने विकास के बारे में सोचते हैं। परिणाम स्वरूप अगले लोकसभा चुनाव में आम जनता भाजपा को राज्य में लाने जा रही है।

# आप ने पंजाब के लिए 8 उम्मीदवारों की घोषणा की, गुरमीत सिंह मीत हेयर, कुलदीप सिंह धालीवाल को मैदान में उतारा



**आप ने अमृतसर से कुलदीप सिंह धालीवाल, खडूर साहिब से लालजीत सिंह भुल्लर, जालंधर से सुशील कुमार रिंकू, फतेहगढ़ साहिब से गुरप्रीत सिंह जीपी, संगरूर से गुरमीत सिंह मीत हेयर, फरीदकोट से करमजीत अनमोल और बठिंडा से गुरमीत सिंह खुड्डियां को मैदान में उतारा है।**

**अमृतसर।** आम आदमी पार्टी (आप) ने गुरुवार को पंजाब के लिए आठ उम्मीदवारों की पहली सूची की घोषणा की। उसने पांच कैबिनेट मंत्रियों को मैदान में उतारा है। आप ने अमृतसर से कुलदीप सिंह धालीवाल, खडूर साहिब से लालजीत सिंह भुल्लर, जालंधर से सुशील कुमार रिंकू, फतेहगढ़ साहिब से गुरप्रीत सिंह जीपी, संगरूर से गुरमीत सिंह मीत हेयर, फरीदकोट से करमजीत अनमोल और बठिंडा से गुरमीत सिंह खुड्डियां को मैदान में उतारा है।
अरविंद केजरीवाल ने फरवरी में घोषणा की थी कि उनकी पार्टी आगामी आम चुनाव में पंजाब की सभी 13 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। केजरीवाल की घोषणा विपक्ष के 'इंडिया' गुट के लिए एक बड़ा झटका है, जिसका लक्ष्य केंद्र में भाजपा को हराना है। कांग्रेस और आप विपक्ष के गुट का हिस्सा हैं।

## आप और कांग्रेस पंजाब में गठबंधन करने में विफल रहे

आप और कांग्रेस इंडिया ब्लॉक साझेदार हैं और उन्होंने दिल्ली, हरियाणा, गोवा, चंडीगढ़ और गुजरात में सीट-बंटवारे का सौदा पूरा कर लिया है। हालाँकि, वे लोकसभा चुनाव के लिए पंजाब में किसी समझौते पर पहुंचने में विफल रहे। दिल्ली में सत्तारूढ़ पार्टी और सबसे पुरानी पार्टी के बीच हुए समझौते के तहत, कांग्रेस राष्ट्रीय राजधानी की 7 लोकसभा सीटों में से 3 पर चुनाव लड़ेगी, जबकि आप शेष 4 निर्वाचन क्षेत्रों में अपने उम्मीदवार उतारेगी। पंजाब में आप अकेले चुनाव लड़ेगी। हालाँकि, एक जनमत सर्वेक्षण में भविष्यवाणी की गई है कि पंजाब में अअढ को आगामी लोकसभा चुनाव में सिर्फ एक सीट जीतने की संभावना है, जबकि कांग्रेस को सात सीटें और एनडीए को तीन सीटें जीतने की उम्मीद है। पंजाब में 13 लोकसभा सीटें हैं जिनमें से चार सीटें अनुसूचित जाति (एससी) के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हैं। 2019 के लोकसभा चुनावों में, कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए गठबंधन ने 8 सीटें हासिल कीं, जबकि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) चार सीटें हासिल करने में कामयाब रही। राज्य में पहली बार चुनाव लड़ रही आप ने एक सीट जीती। आप राज्य की पहली पार्टी है जिसने आगामी आम चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा की है।

# अगर विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' सत्ता में आया तो यह किसानों की आवाज बनेगा : राहुल गांधी



**नासिक।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को कहा कि विपक्षी दलों का गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) अगर सत्ता में आता है तो वह किसानों की आवाज बनेगा और ऐसी नीतियां बनाएगा जो उनकी सुरक्षा कर सकें। वह कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत राकांपा (एसपी) प्रमुख शरद पवार और शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत के साथ महाराष्ट्र के नासिक जिले के चंदवाड में एक किसान रैली को संबोधित कर रहे थे। गांधी ने कहा, विपक्षी गठबंधन इंडिया की सरकार किसानों की आवाज बनेगी और उनके हितों की रक्षा के लिए काम करेगी। उन्होंने किसानों के लिए ऋण माफी, किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए फसल बीमा योजना के पुनर्गठन, निर्यात आयात नीतियों के निर्माण में फसल की कीमतों की रक्षा करने और कृषि को जीएसटी से बाहर करने की कोशिश करने तथा सिर्फ एक कर पर काम करने वादा किया। वायनाड से लोकसभा सदस्य राहुल गांधी ने स्वामीनाथन समिति की रिपोर्ट के अनुसार, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानूनी गारंटी देने के कांग्रेस के वादे को भी दोहराया।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने दावा किया कि देश में 20-25 लोगों के पास उतनी संपत्ति है जितनी देश की 70 करोड़ आबादी के पास है। उन्होंने दावा किया कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने उद्योगपतियों का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया है। गांधी ने कहा, यह राशि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के 24 वर्षों के (बजट के) बराबर है जिसके तहत गरीब लोगों को रोजगार देने के लिए हर साल 35 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाते हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की अगुवाई वाले संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) की पिछली सरकार ने किसानों का 70 हजार करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया था। उन्होंने कहा अगर अमीर लोगों का कर्ज माफ किया जा सकता है तो किसानों को भी लाभ मिलना चाहिए। रक्षा बलों में भर्ती की अग्निपथ योजना की आलोचना करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि अग्निवीरों को न पेंशन मिलेगी और न शहीद का दर्जा। गांधी ने कहा कि उन्हें सिर्फ छह महीने का प्रशिक्षण दिया जाता है। उन्होंने कहा, जैसे सैनिक हमारे देश की सीमाओं की रक्षा करते हैं, वैसे ही किसान देश में नागरिकों की रक्षा करते हैं।

अगर हम अपने जवानों और किसानों की रक्षा नहीं करते हैं, तो देश प्रगति नहीं कर सकता है। राकांपा (एसपी) नेता शरद पवार ने किसान और कृषि क्षेत्र की दशा को लेकर केंद्र सरकार पर उदासीन रवैया अख्तियार करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, किसानों को उनकी फसल की उचित कीमत नहीं मिलती है जिस वजह से वे कर्जे में डूब जाते हैं और खुदकुशी करते हैं। संप्रग सरकार ने किसानों का 70 हजार करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया था। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम किसान विरोधी, युवा विरोधी सरकार को हराएं जो महंगाई लाती है। शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने कहा कि महा विकास आघाडी (एमवीए) लोगों के हितों के लिए संघर्ष में राहुल गांधी के साथ हैं।

# दिल्ली के गाजीपुर बाजार में नाबालिग ने कार से दुकानों में मारी टक्कर, एक महिला की मौत, नौ अन्य लोग घायल



नयी दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के भीड़ वाले गाजीपुर बाजार में एक कार के दुकानों में घुस जाने से एक महिला की मौत हो गई जबकि अन्य नौ लोग घायल हो गए हैं। पुलिस ने सड़क दुर्घटना के एक दिन बाद बृहस्पतिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि पॉलिटेक्निक का 17 वर्षीय एक छात्र कार चला रहा था। अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना बुधवार की रात हुई। उस दौरान हुंडई ऑरा कार भीड़भाड़ वाले गाजीपुर बाजार में स्थित दुकानों में घुस गई, जिससे 22 वर्षीय सीता देवी की मौत हो गई।

इस घटना के बाद कार में सवार एक अन्य किशोर फरार हो गया। पुलिस ने पॉलिटेक्निक के छात्र को हिरासत में ले लिया है और कानूनी कार्रवाई की जा रही है। अधिकारी ने बताया कि यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। वाहन चालक ने भागने की कोशिश की थी, लेकिन स्थानीय लोगों ने उसे पकड़ा, उसकी पिटाई की और फिर उसे पुलिस को सौंप दिया। गुस्साई भीड़ ने वाहन की विंडस्क्रीन और खिड़कियां तोड़ीं और उसे पलटने से पहले उसके दरवाजे तोड़ने की कोशिश की।

अधिकारी ने कहा, हम जांच कर रहे हैं कि किस आधार पर दोनों नाबालिगों को कार चलाने दी गई थी। ऑनलाइन टैक्सी सेवा के लिए इस्तेमाल की जाने वाली कार को आमतौर पर नीरज चलाता है। कार के मालिक, राजकुमार के साथ नीरज को भी जांच में शामिल होने के लिए कहा गया है। पुलिस ने कहा कि गाजीपुर पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 279 (लापरवाही से गाड़ी चलाना) और 304 (गैर इरादतन हत्या) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# एसडीजीआई ग्लोबल विश्वविद्यालय ने किया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एसडीजीआई ग्लोबल विश्वविद्यालय प्रांगण में संचालित श्रीमती रेखा देवी मेमोरियल हॉस्पिटल द्वारा मसूरी क्षेत्र में एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सामान्य स्वास्थ्य जाँच, ब्लड प्रेशर की जाँच, ब्लड शुगर टेस्टिंग, बीएमआई आकलन, स्वास्थ्य देखभाल और चिकित्सकों के साथ मौलिक परामर्श जैसी उत्तम श्रेणी की चिकित्सा सुविधा दी गयी। इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का 100 से ज्यादा लोगो ने लाभ उठाया। सभी आयु और पृष्ठभूमि के निवासियों ने अच्छे स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के लिए इस मुफ्त स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। इस जाँच एवं चिकित्सा शिविर में डॉ. ऐश मलिक, डॉ शिवानी, श्रीमती गीता वर्मा, सोहन लाल, प्रदीप राणा व अमन राणा का अतुलनीय सहयोग रहा। इस अवसर पर चिकित्सालय के डायरेक्टर हरीश कपूर ने श्रीमती रेखा देवी मेमोरियल हॉस्पिटल के द्वारा, इन महत्वपूर्ण चिकित्सा सेवाओं को मसूरी के निवासियों तक पहुंचाने का मौका मिलने पर संतोष एवं खुशी जाहिर की और स्थानीय नागरिकों को शिविर में पहुंचने के लिए आभार व्यक्त किया।

# अवैध कॉलोनी विकसित करने के लिए सिंचाई विभाग के नाले पर बना डाला अवैध पुल

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जहां एक ओर उत्तर प्रदेश सरकार लगातार ग्राम, कस्बा, शहर और राज्य स्तर पर विकास के कार्य करती नजर आ रही है तो वहीं दूसरी तरफ भू माफिया अवैध कॉलोनी विकसित करते नजर आ रहे हैं। ऐसा ही मामला डासना क्षेत्र में नजर आया जहां अवैध कॉलोनी काटने के लिए सिंचाई विभाग से बिना अनुमति रातों-रात नाले पर पुल बना डाला।

मामला डासना क्षेत्र के प्राचीन देवी मंदिर के समीप सिंचाई विभाग का नाला बहता है जिससे सटे कुछ भू माफियाओं ने प्लाटिंग करने के लिए जमीन खरीदी और बिना अनुमति के सिंचाई विभाग के नाले पर रातों-रात पुल बना डाला। शिकायत सिंचाई विभाग के अधिकारियों को की गई तो सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए काम को रुकवाया।

**अवैध पुल पर सिंचाई विभाग ने क्या कहा?**

सिंचाई विभाग के अधिकारी ने बताया कि हमें शिकायत प्राप्त हुई किद कुछ लोग प्राचीन देवी मंदिर डासना के समीप सिंचाई विभाग के नाले पर अवैध रूप से कब्जा कर रहे हैं, और रातों रात इन लोगों ने नाले पर अवैध पुल बनाया है। शिकायत प्राप्त होते ही हमारे द्वारा कार्य रुकवा दिया गया है। नाले से इन पाइपों को हटाया जाएगा और सम्बंधित लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज होगा। बिना अनुमति के किसी भी तरह का कार्य नहीं होने दिया जाएगा।


# सीएए पर जानें कैसे संविधान सभा ने नागरिकता के सवालों पर बहस की, धर्म से भी था संबंध




नई दिल्ली। केंद्र सरकार का गृह मंत्रालय नागरिकता (संशोधन) अधिनियम को लागू करने के लिए अधिसूचना जारी कर चुका है, जो 11 मार्च को जारी हो चुकी है। नागरिकता (संशोधन) अधिनियम को जब पारित किया गया तो इसे लेकर काफी विरोध प्रदर्शन भी किया गया। ये अब तक कानूनों से हटकर है, जिसके जरिए नागरिकता को धर्म से जोड़ा गया है। इस कानून के तहत, हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी या ईसाई समुदायों से संबंधित प्रवासी जो 31 दिसंबर 2014 से पहले पाकिस्तान, अफगानिस्तान या बांग्लादेश से भारत में प्रवेश करने वालों को रियायती मानदंडों के तहत नागरिकता मिलेगी। सीएए के पक्ष या विपक्ष में कई तर्क दिए गए हैं और अब भी दिए जा रहे है। इन तर्कों की खासियत है कि 70 साल से भी पहले संविधान सभा में जो तर्क दिए गए थे उनसे मेल खाते है। दरअसल अन्य देशों से प्रवेश लेने वालों को नागरिकता कैसे प्रदान की जाए इस सवाल पर संविधान सभा में लंबी बहस हुई। अंत में संविधान निमार्ताओं ने इस प्रक्रिया से धर्म को नहीं जोड़ने का फैसला किया। इस मुद्दे पर संविधान सभा में बहस के दौरान कुछ बयान दिए गए थे। जैसा कि आज तर्क दिया जा रहा है, संविधान सभा के कुछ सदस्यों का मानना था कि सभी हिंदुओं और सिखों के पास भारत में घर होना चाहिए, क्योंकि उनके पास अपना कहने के लिए कोई अन्य देश नहीं था'। उस समय मध्य प्रांत और बरार के कांग्रेस सदस्य पीएस देशमुख ने 11 अगस्त, 1949 को विधानसभा में कहा था कि यहां हम हजारों वर्षों के इतिहास के साथ एक संपूर्ण राष्ट्र हैं। इसके बाद भी हिंदू और सिख के पास दुनिया में जाने के लिए कोई अन्य जगह है। केवल इस तथ्य से कि वह हिंदू या सिख है, उसे भारतीय नागरिकता मिलनी चाहिए क्योंकि यही एक परिस्थिति है जो उसे दूसरों के प्रति नापसंद बनाती है। मगर हम एक धर्मनिरपेक्ष राज्य हैं और इस तथ्य को मान्यता नहीं देना चाहते कि दुनिया के किसी भी हिस्से में हर हिंदू या सिख के पास अपना घर होना चाहिए। यदि मुसलमान अपने लिए पाकिस्तान नामक एक विशेष स्थान चाहते हैं, तो हिंदुओं और सिखों को भारत को अपना घर क्यों नहीं बनाना चाहिए?

इस तर्क का समर्थन संयुक्त प्रान्त के कांग्रेसी शिब्बन लाल सक्सेना ने भी किया है। हालाँकि, मध्य प्रांत और बरार के एक पारसी कांग्रेसी आरके सिधवा ने बताया कि यह सुविधा केवल हिंदुओं और सिखों तक सीमित नहीं होनी चाहिए। केवल सिखों और हिंदुओं का उल्लेख करना उचित नहीं है। ये सुविधा किसी खास समुदाय के लिए उल्लेख करना उचित नहीं है। अगर ऐसा होता है तो ये लगेगा कि हम अन्य समुदायों की अनदेखी कर रहे हैं जिन पर ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने तब कहा था कि पाकिस्तान में लाखों पारसी और ईसाई हैं जो वापस आना चाहते हैं - आपको उनके खिलाफ दरवाजा क्यों बंद करना चाहिए?

# 6 मौजूदा सांसदों को हटाया, महाराष्ट्र बीजेपी की पहली सूची पर दिखी फडणवीस की छाप



मुंबई। लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों की दूसरी सूची महाराष्ट्र में चुनाव के लिए पार्टी की रणनीति की बेहतर जानकारी देती है। इससे पता चलता है कि भाजपा ने ज्यादातर टिकट उन उम्मीदवारों को दिए हैं जिनकी जीतने की संभावना अधिक है, जबकि छह मौजूदा सांसदों के टिकट काट दिए गए हैं। टिकट से वंचित रहने वाले सांसदों में जलगांव से उन्मेश पाटिल, अकोला से संजय धोत्रे, मुंबई उत्तर से गोपाल शेट्टी, मुंबई उत्तर पूर्व से मनोज कोटक, पुणे से गिरीश बापट और बीड से प्रीतम मुंडे शामिल हैं। बता दें कि 13 मार्च की शाम को बीजेपी ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए 72 उम्मीदवारों की अपनी दूसरी सूची जारी की है। राजनीतिक विशेषज्ञों के मुताबिक, महाराष्ट्र में बीजेपी ने उम्मीद के मुताबिक पार्टी टिकट दिए। नागपुर से पार्टी ने पूर्व बीजेपी अध्यक्ष नितिन गडकरी को मैदान में उतारा है। इसके अलावा, केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल को दो बार के सांसद गोपाल चिनय्या शेट्टी के स्थान पर मुंबई उत्तर से मैदान में उतारा गया है, जो पार्टी के लिए सुरक्षित सीट मानी जाती है। बीड लोकसभा सीट के लिए, पार्टी ने उनकी बहन प्रीतम गोपीनाथ राव मुंडे की जगह पंकजा मुंडे को अपना उम्मीदवार बनाया है, जो अपने पिता गोपीनाथ मुंडे की मृत्यु के बाद पिछले दो कार्यकाल से लगातार इस सीट से सांसद रही हैं। बीजेपी ने अपनी दूसरी सूची में केंद्रीय मंत्री रावसाहेब दानवे, भारती पवार और डॉ. सुभाष रामराव भामरे पर भी भरोसा जताया है। दिलचस्प बात यह है कि भाजपा ने अभी तक उन तीन लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है जो उसने 2019 के चुनावों में जीती थीं। इसमें मुंबई नॉर्थ सेंट्रल, जिसका प्रतिनिधित्व वर्तमान में पूनम महाजन करती हैं, भंडारा-गोंदिया और सोलापुर शामिल हैं। बीजेपी ने अपनी दूसरी सूची जारी करने के साथ ही 20 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। 2019 में, भाजपा ने महाराष्ट्र में जिन 25 सीटों पर चुनाव लड़ा, उनमें से 23 पर जीत हासिल की है। कुल मिलाकर, महाराष्ट्र के सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन ने 48 में से 21 सीटों पर अपने उम्मीदवार तय कर लिए हैं। इसमें भाजपा के 20 उम्मीदवार और उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के राकांपा गुट का एक उम्मीदवार शामिल है। महायुति गठबंधन में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना, अजित पवार का राकांपा खेमा और भाजपा शामिल हैं। पश्चिमी राज्य में 27 सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा अभी बाकी है क्योंकि महायुति सहयोगी अभी भी चर्चा कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, शिवसेना कम से कम 13 सीटों की मांग कर रही है जबकि बीजेपी ने कम से कम आठ और सीटों की मांग की है।

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली।। शुक्रवार 15 मार्च -2024
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# कर्ज में डूबे युवक ने पत्नी और बेटे को उतारा मौत के घाट और फिर किया खुद की जान लेने का प्रयास



- महेंद्रा एंक्लेव में दिनदहाड़े मां-बेटे की हत्या से फैली सनसनी
- पुलिस कर रही है पूरे मामले की जांच, मौके से मिला सुसाइड नोट









गाजियाबाद, करंट क्राइम । पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सिटी जोन अंतर्गत आने वाले कवि नगर थानाक्षेत्र के महेंद्रा एंक्लेव में गुरुवार दोपहर को उस वक्त सनसनी फैल गई जब एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और बेटे की हत्या कर खुद भी जान देने का प्रयास किया। आसपास के लोगों और उसकी चाची को जब इस मामले की जानकारी हुई तो पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने खून से सने दो शव पोस्टमार्टम को भेजे। तो वहीं आरोपी अमरदीप शर्मा का एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। बताया जा रहा है कि अमरदीप ने मकान के नाम पर लगभग 25 लाख रुपए का लोन ले रखा था, जिसके चलते वह तनाव में था और इसी वजह से उसने ऐसा कदम उठाया है। मौके पर पहुंचे डीसीपी सिटी जोन कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने कहा है की प्रथमदृष्टया पूरा मामला हत्या के बाद आत्महत्या का नजर आ रहा है। पुलिस को मौके से सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। इसके साथ ही फॉरेंसिक टीम और पुलिस की ड्यूटी में मामले की गहनता से जांच कर रही हैं।

## चाची ने देखा था सबसे पहले कमरे का खौफनाक मंजर



महेंद्रा एंक्लेव के बी-15 में अमरदीप शर्मा अपनी पत्नी सोनू और बेटे विनायक के साथ बीते कई वर्षों से रह रहे थे। बताया जा रहा है कि अमरदीप शर्मा इन दिनों कर्ज के वजह से परेशान थे। पहले उनकी एक शॉप थी और कई दिनों से परेशान चल रहे थे। पत्नी सोनू के नाम पर लगभग 25 लाख रुपए का लोन एक फर्म बनाकर लिया हुआ था, जिसे वह भर नहीं पा रहे थे। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को अमरदीप ने दोपहर करीब 1 बजे हिमाचल प्रदेश में नौकरी करने वाले अपने बड़े भाई नवदीप को फोन किया कि उसपर किसी ने बोतल से हमला कर दिया है और कॉल कट गई। नवदीप ने गाजियाबाद में रहने वाली चाची संगीता को फोन किया। चाची जैसे ही मकान में पहुंची तो किसी तरह संगीता ने कुंडी खोली और अंदर का नजारा देखा तो दंग रह गई। अंदर अमरदीप उनकी पत्नी सोनू और बेटा विनायक खून से लथपथ बेड पर पड़े थे। सोनू और विनायक की मौत हो चुकी थी जबकि अमरदीप सांस ले रहा था। आननफनन में उन्होंने पड़ोसियों को बुलाया। पड़ोसियों ने 2:02 पर पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी और करीब 12 मिनट के बाद वहां पुलिस मौके पर पहुंची और मृतकों के शव और घायल अवस्था में अमरदीप को पास के अस्पताल ले गई।

## जिस बेटे और पत्नी से अमरदीप करता था बेइंतेहा प्यार

### तनाव और नशे में उन पर हैवानों की तरह किए गए वार

### पुलिस को मिला है कई पेज का सुसाइड नोट, पहले भी किया था जान देने का प्रयास



**गौरव शशि नारायण**

गाजियाबाद, करंट क्राइम । लगभग 25 लाख रुपए के कर्ज में डूबे अमरदीप ने यह कदम एक बार में नहीं उठाया है। पुलिस को मकान से तीन पेज से अधिक का एक सुसाइड नोट मिला है। जिसमें उसने 11 फरवरी को भी अपनी जीवन लीला समाप्त करने की बात लिखी है। वहीं उसने यह भी लिखा कि वह अपनी जिंदगी से परेशान हो चुका है और इसी वजह से यह फैसला ले रहा है। पुलिस के अधिकारियों की माने तो पहले अमरदीप ने बेहद अधिक मात्रा में शराब पी। इसके बाद मां-बेटे को कुछ ऐसा खिलाया कि वह नशे में हो गए, फिर पहले बेटे और फिर पत्नी की हत्या कर खुद को मौत के घाट उतारने का प्रयास किया लेकिन वह उसमें सफल नहीं हो पाया। हत्या व आत्महत्या में पैने पेपर कटर टाइप चाकू का इस्तेमाल किया गया है।

**यह लिखा था अमरदीप ने सुसाइड नोट के आखिरी पेज पर**

जब से मैं पैदा हुआ हूं तब से लेकर आज तक जो भी मुझसे जुड़ा उसको सिवा दुख, दर्द, तकलीफ और नुकसान के मैंने कुछ नहीं किया।
आज मैं अंतिम बार सबसे माफी मांगता हूं अगर हो सके तो आप सबको दिए गए दुख तकलीफ और नुकसान के लिए माफ कर देना।
बस भगवान से यही प्रार्थना है कि मेरी पत्नी और बेटे को भगवान मुक्ति दे और मुझ पापी को जब तक इस पृथ्वी पर जीवन है तब तक मैं आत्मा बनकर भटकता रहूं है। हे ईश्वर अब मुझे कोई शरीर मत देना। मैं भटकता ही रहूं।
जय श्री राम
आप सभी को अंतिम बार प्रणाम व
छोटे भाई बहनों को प्यार हुआ
बच्चों को स्नेह।

### बेहोशी की हालत में अमरदीप बोल रहा था सॉरी गलती हो गई सर

करंट क्राइम। पुलिस जब अमरदीप को अस्पताल लेकर जा रही थी, तो वह बेहोशी की हालत में बोल रहा था। सॉरी गलती हो गई सर, सूत्रों से जानकारी मिली है कि अमरदीप शराब पीने का आदी हो चुका था और वह अक्सर घर की छत पर काफी देर तक खड़े होकर लगातार सिगरेट पीता रहता था। पुलिस ने बताया है कि अब तक की जांच पड़ताल बता रही है कि उसे पर लगभग 25 लाख रुपए का कर्ज था। जिसकी वजह से घर में हमेशा टेंशन रहती थी।

### पत्नी और बेटे से करता था बेहद प्यार

करंट क्राइम। आसपास के लोगों का कहना है कि अमरदीप अपनी पत्नी सोनू और बेटे विनायक से बेहद प्यार करता था। विनायक की उम्र लगभग 11 साल है और वह पास के ही एक स्कूल का छात्र था। उसने अपनी जो कंपनी बनाई थी वह अपने बेटे विनायक के नाम पर बनाई थी और इस कंपनी का मालिक उसने अपनी पत्नी सोनू को बनाया था। गुरुवार को जब इस सनसनीखेज हत्या और आत्महत्या किए जाने का मामला आसपास के लोगों और स्थानीय पार्षद को पता चला तो वह मौके पर पहुंच गए थे। इस दौरान पूरे मोहल्ले के लोग इस सनसनीखेज वारदात के सामने आने के बाद संग रह गए। वहीं कई लोग रो भी रहे थे।

### और लोन लेना चाहता था अमरदीप पर बिगड़ गई थी कहानी

करंट क्राइम। सूत्रों से जानकारी मिली है कि अमरदीप का सिविल स्कोर बेहद खराब चल रहा था। उसने लोन लेने का भी प्रयास किया था लेकिन उसको पैसा नहीं मिल पा रहे थे। सूत्र बता रहे हैं कि गुरुवार को भी अमरदीप के घर पर सुबह करीब 12 एक निजी बैंक की रिप्रेजेंटेटिव आई थी, उसने फोन कॉल पर तीन बार अमरदीप को फोन किया लेकिन फोन कॉल रिसीव नहीं हुई, तो वह आसपास पड़ोसियों से पता पूछकर और जानकारी लेकर चली गई थी। बताया जा रहा है कि अमरदीप और लोन लेने के फिराक में था ताकि वह अपने ऊपर हुए कर्ज को कुछ काम कर सके लेकिन उसको लोन वाली मदद नहीं मिल पाई।

### कमरे से मिली शराब की खाली बोतल और कार के गेट पर लगा था खून

करंट क्राइम। पुलिस के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मकान के भीतर से एक शराब की बोतल भी पुलिस को बरामद हुई है। जो इस बात को बता रही है कि अमरदीप ने यह कदम उठाने से पहले शराब का सेवन किया था। साथ ही पुलिस को उसकी कार के अगले गेट पर खून के निशान मिले हैं। अब पुलिस यह जांच कर रही है कि यह खून के निशान यहां कैसे मिले और क्या वजह थी कि अमरदीप बाहर आया।

### पुलिस कर रही है कई एंगल से जांच, खंगाली जा रही हैं सीसीटीवी फुटेज

करंट क्राइम। दो हत्या और आत्महत्या के प्रयास मामले में खुलासे के लिए एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव, थाना प्रभारी कवि नगर योगेंद्र मलिक, डीसीपी सिटी और कवि नगर क्राइम ब्रांच की टीम इस पूरे घटनाक्रम को सिलसिलेवार ढंग से खुलासा करने के प्रयास में जुट गई है। हालांकि शुरुआती जांच में पूरा मामला हत्या के बाद आत्महत्या का नजर आ रहा है लेकिन पुलिस फिर भी आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज और कुछ महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल करने में लगी हुई है।




▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि भाजपा के एक ओबीसी चेहरे ने कर ली एक विशेष सूची तैयार? सुना है उन्होंने जो नाम किए हैं अपनी लिस्ट में शामिल? बस उनके ही सुख और दुख वाले आयोजनों में दिखायेंगे वो अपना किरदार? उन्होंने अपने खास लोगों से कर दिया है स्पष्ट? जो बना है हमारे गम का साथी? बस उसी के सुखदुख में दिखायेंगे हम अपना फेस? जो जैसे हमारे साथ रहेगा? उसको देंगे हम उतना ही स्पेस?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि अगर हो गया मामला रिपीट तो जनप्रतिनिधियों पर कोई फर्क.नहीं पड़ेगा यार? हमे तो चिंता उस चेहरे की हो रही है? जिसने टिकट वाले गेम में खेला है गेम आर या पार? जब इस चेहरे से किया किसी ने टिकट रिपीट हुआ तो तुम फिर क्या करोगे यार? इन्होंने उस चेहरे की और मुस्कुराते हुए कहा? राजनीति की बातों को इतना सीरियस नहीं लेते? बाकी तुम्हें बता दें एक बात? हम इतने कमजोर नहीं है यार?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा सरदार का समर्थन वाला मामला हमे दिख रहा है जोरदार? वो जहां भी जा रहे है छाती ठोंककर कर रहे है सामने वाले पर प्रहार? बस कह रहें है वो एक ही बात? कह रहे है जनरली साहब का ही नाम होना है ज़िंदाबाद? दूर हो जाएँगे सब की गलफहमियाँ? जब लिस्ट में आएगा साहब का नाम? कोई चाहे तो आ जाये हमारे पास? हम है कितने की भी शर्त लगाने के लिए तैयार? साहब का नाम लिस्ट में फाइनल होकर बंद हो चुका है? बस अब फाइनल घोषणा ही शेष रह गई श्रीमान?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा सरदार के सुन लिए आपने जज्बात? मगर उनसे विपरीत बात कर रहा है एक विधायक जी का खास? वो पूरी तरह से दिख रहा था तरुण जी के अरुण के टिकट को लेकर आश्वस्त? कह रहा था, मैं भी हूँ कितनी ही बड़ी शर्त लगाने को तैयार? मगर मैं ये शर्त इसी शर्त पर लगाऊँगा? अगर साहब के खास ठाकुर चेहरे होंगे मेरे साथ शर्त लगाने के लिए तैयार?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा कमिश्नर गुप्ता जब से अपनी ज़िम्मेदारी से हुए है पूर्व? तब से वो जुबानी शोर्ट मार रहे है भरपूर? सुना है वो किसी को दे रहे थे पार्टी के संविधान का ज्ञान? कह रहे थे हमारी पार्टी में मण्डल प्रभारी वाली व्यवस्था का पार्टी की कानूनी किताब में कही भी ज़िक्र नहीं है श्रीमान? सुना है, गुप्ता जी ने तब प्रकट किए ये अपने ओजस्वी विचार? जब कोई उनसे ये कहा रहा था, पूरी काम से ईश्वर की तमन्ना रखने वाले चेहरे को भगवा कमांडर ने प्रभारी बनाकर बहुत बड़ी ज़िम्मेदारी दे दी है यार?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि यहाँ पर भी नहीं दे थम रहा था पूर्व कमिश्नर गुप्ता जी के शब्दों का तूफान? हम उनकी ताबड़तोड़ शब्दों वाली बल्लेबाजी को देखकर हो रहे थे हैरान? वो किसी को कर रहे थे स्पष्ट? कह रहे थे, मौजूदा कमिश्नर को हम कमिश्नर नहीं कर पा रहे है स्वीकार? अब हमारा दिल इस और नहीं दे रहा है गवाही? दिल की ही हम मानेंगे? आखिर ऊपर वाले ने दिया है सिर्फ.एक ही दिल? नहीं दिये है दो और चार?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा गढ़ के एक महामंत्री लोकसभा वाली उम्मीदवारी को लेकर कुछ और ही कहानी सुना रहे है अपनी जुबानी? कह रहे हम तो जनरली साहब से लेकर तरुण जी के अरुण जी के टिकट होने पर बहुत ज्यादा डाउट है? हमे तो हिट होती दिख रही है वेस्टर्न वाले ठाकुर साहब की कहानी? हम तो उनका नाम ही लग रहा है पूरे गेम में तुरुप का इक्का? देखना जब होगी घोषणा? तो उनका नाम कर देगा सभी को हक्का बक्का?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि कोई तरक़्की क्या कर ले ये जल्दी से बात नहीं होता है दिलजलों को स्वीकार? सुना है शहर विधानसभा में आने वाले एक भगवा पार्षद ने नया फ्लैट क्या ले लिया? विरोधियों के गले से बाहर ही नहीं आ रही है डकार? नये फ्लैट को लेकर पार्षद के विरोधी दे रहे है सिस्टम से मिली मेहरबानी वाले तर्क? पार्षद जी के लगातार बड़ते हुए जलवे को देखकर? निरंतर हो रहा है उनके विरोधियों के पेट में दर्द?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा कमांडर को अपनी ओबीसी मोर्चे वाली टीम की वर्किंग पर देना होगा गहराई से ध्यान? जितनी शिद्दत से करना चाहिए उतनी शिद्दत से नहीं कर रही है ये टीम काम? हमारी थी शास्त्री जी वाले एरिये में हुए कार्यक्रम पर गहरी नजर? कार्यक्रम में भीड़ गायब सी नजर आ रही थी? आयोजन लग रहा था बेखबर? कहने वाले ने कुछ ये कहते हुए छोड़ा जुबानी तीर? कहा कमाल के हैं हमारी ओबीसी टीम के वीर? जो मंत्री जिनके नाम पर भी नहीं जुटा पाये भीड़?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि दिल्ली जाकर बस वाले त्यागी जी और रजा पूरी करने वाले तोमर ने ले लिया है राष्ट्रीय ठाकुर पदाधिकारी से आशीर्वाद? कह दिया, हम बड़ी शिद्दत से कर रहे है आपकी घोषणा का इंतजार? हम तन मन और धन से है आपके साथ? साथ ही इस मुलाकात में तोमर ने कर दिया ये राज भी क्लियर? कहा में हूँ आपकी ही बिरादरी का? मुझे रखना आप अपने ही नियर?

नोट: उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# करंट क्राइम ने किया जब कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा से लोकसभा टिकट को लेकर सवाल

## बोले मत पूछो कैसे गुजरते है ये दिन आपको नहीं है इसका ख्याल

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। टिकट की बेला नजदीक आ रही है और चारों तरफ कमल की फसल से लहलाते गढ़ में टिकट होल्ड ने ये सवाल खड़ा कर दिया है कि कहीं खेला तो नहीं हो गया है। वैसे तो गाजियाबाद के लिए कहा जाता है कि ना कोई शंका ना कोई भूल यहां चुनाव भी लड़ेगा और चुनाव भी लड़वायेगा कमल का फूल। लेकिन जब टिकट होल्ड हो गया तो फिर शंका भी हो रही है और कई बार तो यही लगता है कि कोई भूल तो नहीं हुई है। टिकट होल्ड होने के बाद चर्चा में नए नाम भी आ रहे हैं। टिकट होल्ड होने से पहले कुछ नाम थे लेकिन टिकट होल्ड होने के बाद कभी पियूष गोयल का नाम चला



तो कभी राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह का नाम आगे आया। पियूष गोयल को महाराष्ट्र से टिकट मिल गया है तो यहां एक नाम कम हुआ है लेकिन बताने वाले बता रहे हैं कि टिकट दावेदारी का मैराथन कम नहीं हुआ है। जिज्ञासा सभी को है और सभी जानना चाहते हैं कि टिकट कब घोषित हो रहा है। इस बीच दैनिक करंट क्राइम की बात कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा से हुई। सुनील शर्मा इन दिनों लखनऊ में हैं। टिकट को लेकर जब बात हुई तो सुनील शर्मा ने सहज भाव से ये कहा कि ये एक ऐसा सवाल है जिसका जवाब भाजपा में किसी के पास नहीं होता। जब टिकट की घोषणा हो जाती है तभी सभी को ज्ञात होता है कि कौन मैदान में आ रहा है। जब उनसे ये पूछा गया कि क्या वो जनरल वीके सिंह के टिकट को लेकर आश्वस्त हैं तो कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने दोहराया कि भाजपा में किसी को भी नहीं पता होता कि टिकट किसका हो रहा है। यहां तक कि जिनका टिकट होना है उनको भी खबर नहीं होती। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने पुरानी यादों को ताजा करते हुए कहा कि ये दिन कैसे गुजरते हैं हमसे पूछो, इस दौर से हम भी गुजरे हैं और हमें भी ये नहीं पता था कि टिकट हमारा हो रहा है। भाजपा में टिकट से जुड़ा सवाल एक्जाम के रिजल्ट से जुड़ा सवाल है। अंत तक नहीं पता चलता कि टिकट किसका हो रहा है। आपने सवाल पूछा है लेकिन आपको भी ये ख्याल नहीं है इस दौरान दावेदारों पर क्या गुजरती है। हम भी इस दौर से गुजरे हैं और हम जानते हैं दावेदारों का क्या हाल होता है।

## बालकिशन गुप्ता बने राष्ट्रीय व्यापार मंडल गाजियाबाद के जिला अध्यक्ष



गाजियाबाद, करंट क्राइम। राष्ट्रीय व्यापार मंडल के राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष के.के. शर्मा के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा ने व्यापार मंडल के संस्थापक राष्ट्रीय महामंत्री सुधीरकांत शर्मा, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विवेक त्यागी, उपाध्यक्ष गजेंद्र शर्मा, संगठन मंत्री चिन्मय भारद्वाज की सहमति और प्रदेश कार्यकारिणी की संस्तुति पर उत्तर प्रदेश के 12 जिलाध्यक्ष नियुक्त किये गये हैं। इन नियुक्तियों में चार जिला अध्यक्षों को दोबारा जिले का कार्यभार सौंपा गया है। इनमे गाजियाबाद से बालकिशन गुप्ता, हापुड़ से अमित शर्मा टोनी, बुलंदशहर से संजय माहेश्वरी, मेरठ से संजय प्रधान को जिलाध्यक्ष की दोबारा जिम्मेदारी मिली है। इसके साथ-साथ आगरा से संजय अग्रवाल, नोएडा से आर. के. अग्निहोत्री, गोरखपुर से अजय यादव, अयोध्या से सजल श्रीवास्तव, इलाहाबाद से नितिन कपूर, मिजार्पुर से कृष्णकान्त सिंह, इटावा से विकार अहमद, लखनऊ से टी. आर. जोशी की जिलाध्यक्ष के रूप में घोषणा की गई। सभी नवनियुक्त जिला अध्यक्षों को राष्ट्रीय अध्यक्ष राज बाबू रस्तोगी, अनुशासन समिति के अध्यक्ष विनीत शर्मा एवं प्रदेश के पूर्व महामंत्री प्रदीप चौधरी ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# सभी की आंखें नम कर गया पार्षद उर्मिला चौहान का यूं अचानक दुनिया से जाना

## अपने सरल व्यवहार और मधुर मुस्कान के लिए जानी जाती थीं

गाजियाबाद, करंट क्राइम। गुरूवार का दिन भाजपा के लिए क्षति का दिन रहा। भाजपा के वार्ड 19 के लिए ये एक दुख की घड़ी का दिन रहा और भाजपा नेता प्रदीप चौहान पर एक तरह से दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। वार्ड 19 की भाजपा पार्षद और भाजपा नेता प्रदीप चौहान की पत्नी उर्मिला चौहान का एक बीमारी के बाद निधन हो गया। उर्मिला चौहान के निधन की खबर ने सभी को स्तब्ध कर दिया। जिसने भी यह समाचार सुना वो गमगीन हो गया। पार्षद उर्मिला चौहान का दुनिया से इस तरह जाना सभी को विचलित कर गया। उर्मिला चौहान और प्रदीप चौहान दोनों ही भाजपा के एक ऐसे कार्यकर्ता के रूप में काम करते रहें हैं जहां पार्टी आदर्श पार्टी सिद्धान्त सर्वोच्च रहे हैं। उर्मिला चौहान पहले भी भाजपा पार्षद रहीं हैं और सबसे बडी बात ये हैं कि वो वार्ड की महिलाओं के साथ हमेंशा एक सखी के रूप में एक बहन के रूप में काम करती रहीं है। पटेल नगर का वो गणेश मंदिर कैसे भूल सकता है अपनी पार्षद उर्मिला चौहान को, जो कुछ दिन पहले ही यहां पर आयोजित कीर्तन में स्वंय पहुंची थी और महिलाओं के साथ बाकायदा ढोलक बजाकर उन्होंने भजन गाये थे। प्रभु की प्रार्थना की थी। एक ऐसी पार्षद जिनके व्यवहार और मिलनसारित का चर्चा पूरे वार्ड में है। उनके निधन की सूचना मिलते ही पूरे वार्ड में शोक की लहर व्याप्त हो गई। किसी को यकीन ही नहीं हो रहा था कि उनके बीच रहने वाला हमेशा हंसता मुस्कुराता रहने वाला चेहरा उर्मिला चौहान अब दुनिया छोड़ चुकी हैं। बेहद भावुक पल थे और वार्ड के लोग उन पलों को याद कर रहे थे जब उन्होंने बेहद सादगी के साथ मैरीज ऐनीवर्सी मनाई थी, नव वर्ष की बधाई दी थी और किसी को भी ये खबर नहीं थी कि उर्मिला चौहान ऐसे हम सबको छोड़कर पंचतत्व में विलीन हो जायेंगी।



### पार्षद उर्मिला चौहान के निधन पर नगर निगम मुख्यालय में किया गया शोक प्रकट

गाजियाबाद, करंटक्राइम। वार्ड 19 की पार्षद श्रीमती उर्मिला चौहान पत्नी प्रदीप चौहान का गुरूवार को देहान्त हो गया। इस दु:खद खबर सुनकर महापौर सुनीता दयाल ने नगर निगम मुख्यालय में कैंडोलेंस की घोषणा की। पार्षद उर्मिला के निधन पर नगर निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों मौन रखकर शोक व्यक्त किया।

### प्रदीप चौहान ने किये पूरे प्रयास मगर ईश्वर को यही था मंजूर



करंट क्राइम। समाज के बीच से किसी व्यक्ति का जाना जब समाज को व्यक्तिगत क्षति लगे ये उस व्यक्ति की अपने व्यवहार की पूंजी होती है। पूर्व पार्षद प्रदीप चौहान और उनकी पत्नी उर्मिला चौहान ने यही व्यवहार कमाया। जब पार्षद उर्मिला चौहान के निधन की सूचना मिली तो नगर निगम में शोक सभा रखी गई। जब उनका पार्थिव शरीर उनके आवास पर पहुंचा तो सबकी आंखों से आंसू निकल पड़े। हर कोई प्रदीप चौहान को सांत्वना दे रहा था। प्रदीप चौहान ने अपनी पत्नी उर्मिला चौहान के उपचार के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी। मंहगे से मंहगा उपचार कराया लेकिन ईश्वर को कुछ और ही मंजूर था। चौहान परिवार के लिए ये एक बड़ी क्षति है और जीवन साथी का इस तरह से इस मोड़ पर हमेशा के लिए छोड़कर जाना एक ऐसी क्षति है जिसे पूरा नहीं किया जा सकता। प्रदीप चौहान ने अपनी पत्नी की उपचार के लिए हर प्रयास किये। लाखों रुपए उपचार में खर्च हुए लेकिन उर्मिला चौहान ने सबको अलविदा कह दिया।

### पूरा शहर उमड़ पड़ा प्रदीप चौहान के दुख में शामिल होने के लिए





करंट क्राइम। इंसान अपने व्यवहार से ही सबकुछ कमाता है। सम्पत्ति तो वो एक दिन छोड़कर चला जाता है और इंसान को उसके व्यवहार उसकी सरलता और उसकी सौम्यता के लिए याद रखा जाता है। पार्षद उर्मिला चौहान और प्रदीप चौहान एक ऐसे पति-पत्नी जो हमेशा समाज के हर वर्ग के लिए हर समय सहयोग के लिए तैयार मिले। जब प्रदीप चौहान पर दुख भरी विपदा आई तो उनके दुख में शामिल होने के लिए पूरा शहर उमड़ पड़ा। शोक व्यक्त करने के लिए केवल उनके वार्ड से नहीं बल्कि शहर के कई हिस्सों से लोग पहुंचे। समाज के सभी वर्गों के लोग पहुंचे और आवास से लेकर शमशान घाट तक दुख व्यक्त करने वालों ने अपनी भागीदारी निभाई। प्रदीप चौहान के दुख में हर कोई उनके साथ खड़ा था।

## संपादकीय

# कांग्रेस का नया पैंतरा

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने नारी न्याय गारंटी का ऐलान करते हुए कहा कि अगर कांग्रेस की सरकार बनती है तो महिलाओं को केंद्र सरकार की नौकरियों में आधा हक दिया जाएगा। इतिहास के अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रही ग्रैंड ओल्ड पार्टी कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में एक अदद जीत की आस के साथ चुनावी पिटारों से वादों की बरसात शुरू कर दी है। महिलाओं को ध्यान में रखकर कांग्रेस ने नारी न्याय गारंटी का ऐलान किया है। महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पांच वादे 2019 के चुनाव घोषणापत्र का एक ताजा संस्करण प्रतीत होता है। 2019 के आम चुनाव से पहले, कांग्रेस ने सत्ता में आने पर न्यूनतम आय सहायता कार्यक्रम या न्यूनतम आय योजना (न्याय) शुरू करने का वादा किया था। इसमें रुपये का नकद हस्तांतरण शामिल था। सभी भारतीय परिवारों में से सबसे गरीब 20 प्रतिशत (लगभग 5 करोड़ परिवार) को 72,000 प्रति वर्ष देने की बात कही गई थी। उस वक्त भी पार्टी ने कहा था कि 'जहां तक संभव होगा पैसा परिवार की किसी महिला के खाते में ट्रांसफर किया जाएगा। वित्तीय निहितार्थ के संदर्भ में वादे को महालक्ष्मी कहा जाता है और इसमें एक गरीब परिवार की महिला को हर साल 1 लाख रुपये हस्तांतरित करना शामिल है।

हालाँकि, इसका लक्ष्य कितने गरीब परिवारों को लक्षित करना है, इसकी सटीक संख्या का कोई उल्लेख नहीं है। जैसा कि हालात हैं, भारत का गरीबी अनुमान अलग-अलग पद्धतियों के आधार पर काफी भिन्न है। उदाहरण के लिए, नीति आयोग के बहुआयामी गरीबी सूचकांक में गरीबी अनुपात लगभग 11% आंका गया है, जबकि इसके सीईओ ने कथित तौर पर दावा किया है कि अगर पिछले महीने जारी उपभोग व्यय सर्वेक्षण के नवीनतम आंकड़ों को ध्यान में रखा जाए तो गरीबी 5% तक कम हो सकती है।

हर पंचायत में महिलाओं के अधिकारों के लिए कानूनी सलाहकारों (अधिकार मैत्री) की नियुक्ति के सटीक वित्तीय बोझ का अनुमान लगाना मुश्किल है। ऐसा इसलिए क्योंकि पारिश्रमिक को लेकर कोई स्पष्टता नहीं है। प्रत्येक जिले में कामकाजी महिला छात्रावासों के निर्माण की लागत का अनुमान लगाना भी मुश्किल है। मेहरोत्रा बताते हैं कि ये हॉस्टल मुफ़्त नहीं हैं। दूसरे शब्दों में उनकी परिचालन लागत यकीनन कामकाजी महिलाओं द्वारा स्वयं वहन की जा सकती है। जहां तक बिल्डिंग की लागत की बात है तो यह इस बात पर निर्भर करता है कि ये हॉस्टल कितने बड़े हैं। कांग्रेस अध्यक्ष का कहना है कि भारत सरकार देश भर में सभी जिला मुख्यालयों में कम से कम एक कामकाजी महिलाओं का बनाएगी और पूरे देश में इन की संख्या दोगुनी की जाएगी। इसके पहले हमने भागीदारी न्याय, किसान न्याय और युवा न्याय घोषित किए हैं। और ये कहने की जरूरत नहीं कि हमारी गारंटी खोखले वादे और जुमले नहीं होते। हमारा कहा पत्थर की लकीर होती है।




## पुलिस की टोपी रखने वालों से कब होंगे सवाल



पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में यातायात पुलिस द्वारा और सिविल पुलिस द्वारा ट्रैफिक को लेकर बड़ा प्लान बनाया गया था। इसी के साथ सड़कों पर नियमों का पालन करने को लेकर अभियान भी चलाए जाते हैं, पर सवाल हो रहा है कि वाहनों के भीतर पुलिस की टोपी रखकर बेजा इस्तेमाल करने वालों पर कार्रवाई कब होगी। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद का कोई भी जोन हो या सर्किल हो ऐसे नजारे अवश्य देखें जा सकते हैं। कई बार तो वह लोग भी पुलिस की टोपी रखकर रौब जमाते हैं जो पुलिस से दूर-दूर तक ताल्लुक नहीं रखते हैं। सूत्र बता रहे हैं कि बीते दिनों एक खास रोड का मामला है। एक लग्जरी कार के अंदर पुलिस की कैप रखी हुई थी, कार सवार युवक ने बताया है कि पुलिस में मौसा जी हैं। वहां मौजूद ट्रैफिक वाले कांस्टेबल ने कहा मौसा जी से बात करवाओ जब मामला बातचीत पर आ गया, तो कहानी में ट्विस्ट आ गया। युवक ने सिर झुकाते हुए कहा कि सर गलती से कैप रख ली थी, इस पर कांस्टेबल गर्म हो गया और बताया जाता है कि नौबत हाथापाई तक आ गई थी। वहीं सूत्रों पर भरोसा करें तो पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद की तमाम सड़कों, बाजरो, मोहल्लों व इलाको में ऐसे तमाम वाहन नजर आ जाएंगे या तो उनमें पुलिस लिखा मिलेगा या लोगो के साथ ही पुलिस की टोपी रखी मिलेगी। ऐसे में सवाल उठता है कि सड़कों पर पैदल गश्त करने वाले और हर समय फील्ड पर रहने का दावा करने वाले अधिकारियों का ध्यान ऐसी टोपी वाली गाड़ियों पर क्यों नहीं जाता है। जो कैप रखने वाले वाहन चालकों से सवाल जवाब क्यों नहीं करते है, उन पर कार्रवाई वाला हंटर क्यों नहीं चलाया जाता है। वैसे भी यह समय बेहद संवेदनशील चल रहा है। आगामी समय वैसे भी त्यौहारी और चुनावी है। वहीं रमजान जैसा माह भी चल रहा है। ऐसे में पुलिस की टोपी का गलत इस्तेमाल ना हो जाए, इसको लेकर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को संज्ञान लेना चाहिए और नियमों को ताक पर रखने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की जानी चाहिए ताकि सब सेफ रहें।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव,
विवेक भाटी

# एयर इंडिया भवन महाराष्ट्र सरकार के हवाले, केंद्र ने दी मंजूरी

## 1,601 करोड़ रुपये में हुआ है सौदा

**एयर इंडिया भवन महाराष्ट्र सरकार के हवाले, केंद्र ने दी मंजूरी, 1,601 करोड़ रुपये में हुआ है सौदा**



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गुरुवार को मुंबई स्थित एयर इंडिया की प्रतिष्ठित इमारत के हस्तांतरण को मंजूरी दे दी। मुंबई के नरीमन प्वाइंट पर स्थित एयर इंडिया की इमारत को महाराष्ट्र सरकार ने 1,601 करोड़ रुपये में खरीदा था।

भारत सरकार ने एयर इंडिया की मुंबई स्थित एयर इंडिया बिल्डिंग को 1601 करोड़ रुपये में महाराष्ट्र सरकार को हस्तांतरित करने की मंजूरी दे दी है। दीपम के सचिव तुहिन कांत पांडे ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ?मंत्री समूह 298.42 करोड़ रुपये के बकाये को माफ करने पर सहमत हो गया है। जिसे एआईएएचएल को दिया जाना था। नागर विमानन मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत भारत सरकार की कंपनी एआईएएचएल की स्थापना 2019 में एयर इंडिया के नन कोर असेट्स और कर्जों को धारण करने के लिए की गई थी। जमीन और भवन समेत एयर इंडिया की 14,718 करोड़ रुपये मूल्य की नन कोर असेट्स (गैर-प्रमुख संपत्ति) एआईएएचएल को तब हस्तांतरित की गई थी। सरकार ने टाटा समूह को एयर इंडिया की बिक्री से पहले इसका गठन किया था।

सरकार ने 27 जनवरी, 2022 को एयर इंडिया का स्वामित्व टाटा समूह को हस्तांतरित कर दिया था, जिसने अक्टूबर 2021 में एयर इंडिया को खरीदने के लिए 18,000 करोड़ रुपये की बोली लगाई थी। राज्य सरकार के स्वामित्व वाली भूमि पर 1974 में निर्मित इस इमारत का उपयोग अब इसके कार्यालय स्थल के रूप में किया जाएगा। 23 मंजिला इमारत में सरकारी कार्यालयों के लिए करीब 46,470 वर्ग मीटर जगह उपलब्ध होगी।

मंत्रालय में 2012 में आग लगने के बाद, दक्षिण मुंबई में राज्य सचिवालय भवन के चार प्रमुख विभाग जिनमें सार्वजनिक स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा, जल आपूर्ति और स्वच्छता, और ग्रामीण विकास- जीटी अस्पताल से संचालित हो रहे हैं। इन विभागों को अन्य विभागों के साथ एयर इंडिया भवन में स्थानांतरित किया जा सकता है। मुंबई की प्रतिष्ठित इमारतों में से एक, समुद्र के सामने स्थित एयर इंडिया टॉवर न्यूयॉर्क स्थित आर्किटेक्चरल फर्म जॉनसन/बर्गी के जॉन बर्गी की की ओर से बनाया गया था। बर्गी को उत्तर-आधुनिक वास्तुकला में उनके योगदान के लिए जाना जाता था।

# 'परियोजनाओं का पूरा होना पीएम मोदी के विकास मॉडल की पहचान'




**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आईआईटी-गुवाहाटी में आयोजित ह्यविकसित भारत एम्बेसडर कैंपस डायलॉग में कहा है कि पहले की सरकारों के समय परियोजनाओं को पूरा करने में देरी से देश की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा, इससे यह धारणा बनी कि भारत अपनी परियोजनाओं को पूरा नहीं करता है।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को एक बार फिर पीएम मोदी के विकास मॉडल को सराहा है। उन्होंने कहा कि नींव रखने के बाद परियोजनाओं को पूरा करना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ह्यविकास मॉडलह्न की पहचान है।सीतारमण ने दावा किया कि 2014 में मोदी सरकार के सत्ता में आने से पहले परियोजनाओं का शिलान्यास तो किया जाता था, लेकिन उन्हें समय पर पूरा नहीं किया जाता था। सीतारमण ने आईआईटी-गुवाहाटी में आयोजित विकसित भारत एम्बेसडर कैंपस डायलॉग में कहा, परियोजनाओं को पूरा करने में देरी से देश की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा, इससे यह धारणा बनी कि भारत अपनी परियोजनाओं को पूरा नहीं करता है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री का मानना है कि सरकार सिर्फ शिलान्यास ही नहीं करेगी बल्कि परियोजनाओं को पूरा भी करेगी... इस नियम से पूर्वोत्तर को भी फायदा हुआ है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र का सरकार के विकास मॉडल में एक महत्वपूर्ण स्थान है, जो पिछले दशक में प्रधानमंत्री और अन्य केंद्रीय मंत्रियों की ओर से इस क्षेत्र के किए गए दौरों की संख्या से स्पष्ट है। उन्होंने कहा, ह्यह्यप्रधानमंत्री ने पूर्वोत्तर का 65 बार दौरा किया है, जबकि अन्य केंद्रीय मंत्रियों ने 850 बार दौरा किया है। यह क्षेत्र के विकास को लेकर सरकार की प्राथमिकता को दशार्ता है।

# फरवरी में थोक महंगाई दर में मामूली परिवर्तन

**नई दिल्ली।** थोक मुद्रास्फीति सालाना आधार पर फरवरी में चार महीने के निचले स्तर 0.20 प्रतिशत पर आ गई, जो जनवरी में 0.27 प्रतिशत थी। वाणिज्य मंत्रालय के गुरुवार को इसके आंकड़े जारी किए। देश में थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति सालाना आधार पर फरवरी में चार महीने के निचले स्तर 0.20 प्रतिशत पर आ गई, जो जनवरी में 0.27 प्रतिशत थी। वाणिज्य मंत्रालय के गुरुवार को इसके आंकड़े जारी किए। समीक्षाधीन महीने में आनुक्रमिक मूल्य सूचकांक में 0.07 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई जबकि इससे एक महीने पहले इसमें 0.33 प्रतिशत की गिरावट आई थी। फरवरी, 2024 में मुद्रास्फीति की सकारात्मक दर मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों, कच्चे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, बिजली, मशीनरी और उपकरण और मोटर वाहनों, ट्रेलरों और सेमी-ट्रेलरों आदि की कीमतों में वृद्धि के कारण है। खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति फरवरी में 6.95 प्रतिशत थी। प्राथमिक वस्तुओं की मुद्रास्फीति फरवरी में बढ़कर 4.49 प्रतिशत रही जो इससे पूर्व महीने में 3.84 प्रतिशत थी।

### कच्चे तेल की थोक कीमतों में इजाफा

कच्चे तेल की थोक मुद्रास्फीति फरवरी में 8.24 प्रतिशत बढ़ी। ईंधन और बिजली मुद्रास्फीति फरवरी में शून्य से 1.59 प्रतिशत नीचे रही जबकि जनवरी में इसमें शून्य से 0.51 प्रतिशत की गिरावट आई थी। विनिर्मित उत्पादों की मुद्रास्फीति फरवरी में शून्य से 1.27 प्रतिशत नीचे रही। इस सप्ताह की शुरूआत में, भारत की खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़े जारी किए गए थे।

## राशिफल

**मेष:** पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। कोई बुरी सूचना मिल सकती है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

**वृष:** पहले की गई मेहनत का फल अब मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। सामाजिक कार्य करने की प्रेरणा प्राप्त होगी। मान-सम्मान मिलेगा।

**मिथुन:** भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। व्यय होगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। आत्मसम्मान बना रहेगा।

**कर्क:** कोई बड़ा लाभ होने की संभावना है। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त हो सकता है। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी।

**सिंह:** दुष्टजनों से सावधान रहें। महत्वपूर्ण विषयों पर निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें। अपरिचितों पर अंधविश्वास न करें। चोट व रोग से कार्य में बाधा संभव है।

**कन्या:** डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। भरपूर प्रयास करें। किसी मनोरंजक यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।

**तुला:** कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। योजना फलीभूत होगी। किसी प्रभावशाली व्यक्ति के सहयोग से अटके काम पूरे होंगे। शत्रु परास्त होंगे।

**वृश्चिक:** तीर्थयात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। किसी साधु-संत के दर्शन का लाभ मिल सकता है। बाहरी सहायता प्राप्त होगी।

**धनु:** किसी भी प्रकार की जल्दबाजी व लापरवाही से बड़ा नुकसान हो सकता है। चोट व रोग से बचें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**मकर:** दांपत्य जीवन मधुर रहेगा। मित्रों तथा पारिवारिक सदस्यों का सहयोग प्राप्त होगा। किसी प्रभावशाली व्यक्ति के संपर्क का लाभ प्राप्त होगा।

**कुंभ:** संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। रोजगार में वृद्धि होगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा।

**मीन:** पार्टी व पिकनिक का मनोरंजक कार्यक्रम बन सकता है। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे।

## चुटकुले

पति (फोन पर पत्नी से) - तुम बहुत प्यारी हो...!
पत्नी - थैंक्स...!
पति- तुम बिल्कुल राजकुमारी जैसी हो...!
पत्नी- थैंक्यू सो मच... और बताओ क्या कर रहे हो
पति- खाली बैठा था, सोचा मजाक ही कर लूं...!

---

पत्नी आओ बेलन लेकर इंतजार कर रही हूं
पति - तुम्हारे पापा को जले पर नमक छिड़कने की आदत लग गई है क्या?
पत्नी - क्यों क्या हुआ?
पति - आज फिर पूछ रहे थे कि मेरी बेटी से शादी करके खुश तो हो ...

---

एक बेवकूफ पति अपनी पत्नी से कहता है.
कि कभी-कभी चुप भी रहा करो.
मगर एक बुद्धिमान पति कहता है कि
तुम्हारे लब जब खामोश रहते हैं तो चेहरा बेहद हसीन लगता ...

## रोचक तथ्यों का करंट

- दुनिया का सबसे छोटा कीड़ा तंजानियन पैरासिटिक वास्प है जो एक मक्खी की आँख से भी छोटा है।
- अंटार्कटिका का सबसे बड़ा ग्लेशियर अल्म्बेर्ट ग्लेशियर है जो 250 मील लंबा और 40 मील चौड़ा है।
- तापमान चाहे कितना भी कम क्यों न हो जाए, गैसोलीन कभी भी नहीं जमता।
- एक स्वस्थ मनुष्य के शरीर में 6000 मिलियन, मिलियन, मिलियन हीमोग्लोबिन के अणु होते है।
- शनि ग्रह का घनत्व इतना कम हैं कि यदि कांच के किसी विशालकाय बर्तन में पानी भरकर शनि को उसमें डाला जाये तो वह उसमें तैरने लगेगा।
- धरती से किसी उल्कापिंड के टकराने का खतरा 9300 में से एक बार होता है।
- Albert Einestein के अनुसार हम रात को आकाश में लाखों तारे देखते है, लेकिन वह उस जगह नही होते बल्कि कही और होते है। हमें तों उनके द्वारा छोडा गया कई लाख प्रकाश साल पहले का प्रकाश होता है।



# 42वीं बार मुंबई की रणजी में जीत, विदर्भ को 169 रन से हराया

**नई दिल्ली।** रणजी ट्रॉफी का खिताबी मुकाबला मुंबई और दो बार के चैंपियन विदर्भ के बीच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला गया। विदर्भ के कप्तान अक्षय वाडकर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 224 रन बनाए। जवाब में विदर्भ की पहली पारी 105 रन पर सिमट गई। अपनी दूसरी पारी में मुंबई ने 418 रन बनाए और उनकी कुल बढ़त 537 रन की हुई और विदर्भ के सामने 538 रन का लक्ष्य दिया। जवाब में विदर्भ की टीम अपनी दूसरी पारी में 368 रन पर ऑलआउट हो गई। इसी के साथ मुंबई ने 169 से मुकाबला जीत लिया। रणजी में मुंबई ने 42वां खिताब जीता। अथर्व तायदे और ध्रुव शोरे ने टीम को अच्छी शुरूआत दी। दोनों ने 64 रन की साझेदारी की। हालांकि, इसी स्कोर पर विदर्भ ने दोनों के विकेट गंवा दिए। अथर्व 32 रन और ध्रुव 28 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद अमन मोखड़े और करुण नायर के बीच तीसरे विकेट के लिए 54 रन की साझेदारी हुई जिसे मुशीर खान ने तोड़ा। अमन 78 गेंदों में 32 रन बनाने में कामयाब हुए। टीम को चौथा झटका यश राथोड के रूप में लगा जो सिर्फ सात रन बना सके।

**अक्षय-हर्ष के बाद लड़खड़ाया विदर्भ का बल्लेबाजी क्रम**

पांचवें दिन बल्लेबाजी की शुरूआत करुण नायर और अक्षय वाडकर ने की। दोनों के बीच पांचवें विकेट के लिए 173 गेंदों में 90 रन की साझेदारी हुई। नायर 74 रन की दमदार पारी खेलकर आउट हुए जबकि अक्षय 102 रन बनाकर पवेलियन लौटे। उन्हें तनुश कोटियान ने अपना शिकार बनाया। अक्षर और हर्ष दुबे के बीच छठे विकेट के लिए 133 रन की साझेदारी हुई। हर्ष दूसरी पारी में 65 रन बनाने में कामयाब हुए। इसके बाद विदर्भ की पारी लड़खड़ा गई। मुंबई के खिलाफ आदित्य सरवटे ने तीन रन, यश ठाकुर ने छह रन, उमेश यादव ने छह रन बनाए। वहीं, आदित्य ठाकरे बिना कोई रन बनाए नाबाद रहे।




मुंबई के लिए दूसरी पारी में तनुश कोटियान ने चार सर्वाधिक चार विकेट लिए। वहीं, मुशीर खान और तुषार देशपांडे को दो-दो सफलताए हासिल हुई। धवल कुलकर्णी और शम्स मुलानी को एक-एक विकेट मिला।

**मुंबई की दूसरी पारी**

पृथ्वी शॉ 11 रन, भूपेन लालवानी 18 रन, अजिंक्य रहाणे 73 रन, श्रेयस अय्यर 95 रन, हार्दिक तमोर पांच रन, मुशीर खान 136 रन, शार्दुल ठाकुर शून्य, तनुश कोटियान 13 रन बनाकर आउट हुए।इसके बाद आखिर में शम्स मुलानी ने 50 रन की नाबाद पारी खेली। वहीं, शार्दुल ठाकुर खाता नहीं खोल सके। तनुष कोटियान ने 13 रन, तुषार देशपांडे ने दो रन बनाए।

**विदर्भ की पहली पारी**

शार्दुल ठाकुर ने ध्रुव शोरे को पवेलियन भेजा। वह खाता भी नहीं खोल सके। वहीं, धवल कुलकर्णी ने अमन मोखादे और करुण नायर को पवेलियन भेजा। अमन आठ रन बनाकर आउट हुए। वहीं, करुण खाता भी नहीं खोल सके। आज विदर्भ ने तीन विकेट पर 31 रन से आगे खेलना शुरू किया और अथर्व तायदे के रूप में पहला झटका लगा। उन्हें धवल कुलकर्णी ने पवेलियन भेजा। अथर्व 23 रन बना सके।

इसके बाद शम्स मुलानी का कहर देखने को मिला। उन्होंने आदित्य ठाकरे, अक्षय वाडकर और हर्ष दुबे को पवेलियन भेजा। आदित्य 19, अक्षय पांच और हर्ष एक रन बना सके। इसके बाद तनुश ने तीन विकेट लेकर विदर्भ की पारी को समेट दिया। उन्होंने यश राठौड़ (27), यश ठाकुर (16) और उमेश यादव (2) को पवेलियन भेजा। यश राठौड़ हाईएस्ट स्कोरर रहे। मुंबई के लिए अपना आखिरी प्रथम श्रेणी मैच खेल रहे धवल कुलकर्णी ने तीन विकेट लिए। वहीं, शम्स मुलानी और तनुश कोटियान को भी तीन-तीन विकेट मिले। शार्दुल को एक विकेट मिला।

**मुंबई की पहली पारी 224 रन पर समाप्त**

मुंबई की शुरूआत अच्छी रही। पृथ्वी शॉ और भूपेन लालवानी ने पहले विकेट के लिए 81 रन की साझेदारी की। इस साझेदारी को यश ठाकुर ने तोड़ा। उन्होंने भूपेन को अक्षय के हाथों कैच कराया। वह 37 रन बना सके। इसके बाद हर्ष दुबे ने पृथ्वी को क्लीन बोल्ड किया। वह 46 रन बना सके। इन दो विकेट के बाद तो विकेटों की झड़ी लग गई। मुशीर खान छह रन, कप्तान अजिंक्य रहाणे सात रन, श्रेयस अय्यर सात रन और हार्दिक तमोरे पांच रन बनाकर आउट हुए। शम्स मुलानी 13 रन बनाकर आउट हुए। टीम इंडिया में वापसी की कोशिश में जुटे रहाणे और श्रेयस पहली पारी में फ्लॉप रहे। यह दोनों तमिलनाडु के खिलाफ रणजी सेमीफाइनल में भी फ्लॉप रहे थे। वहीं, शार्दुल ठाकुर ने एकबार फिर बल्ले से कमाल दिखाया और 69 गेंद में आठ चौके और तीन छक्के की मदद से 75 रन की पारी खेली। तनुश कोटियान आठ रन और तुषार देशपांडे 14 रन बनाकर आउट हुए। इस तरह मुंबई की पारी 224 रन पर सिमट गई। विदर्भ की ओर से हर्ष दुबे और यश ठाकुर ने तीन-तीन विकेट लिए। वहीं, उमेश यादव को दो विकेट मिले। आदित्य ठाकरे ने एक विकेट लिया।

# 'उन्हें लंबा रास्ता...' ऋषभ पंत ने की यशस्वी जायसवाल की तारीफ

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत ने युवा यशस्वी जायसवाल की तारीफ की है और कहा है कि 22 वर्षीय यह खिलाड़ी वर्तमान में जीता है और भविष्य के बारे में नहीं सोचता है। यशस्वी ने हाल ही में न्यूजीलैंड के सुपरस्टार केन विलियमसन और श्रीलंका के सलामी बल्लेबाज पाथुम निसांका को पीछे छोड़ फरवरी 2024 के लिए आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड जीता था। यशस्वी फिलहाल रन बनाने के मामले में आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 चक्र में शीर्ष पर हैं। फरवरी में इंग्लैंड के खिलाफ बैक-टू-बैक टेस्ट मैचों में दो शानदार दोहरे शतकों की मदद से उन्हें आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में भी काफी फायदा मिला है। एडम गिलक्रिस्ट और इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन के साथ क्लब प्रेयरी फायर पॉडकास्ट में बोलते हुए पंत ने कहा कि युवाओं ने भारत के लिए खेलने के लिए आगे आकर शानदार काम किया है। उन्होंने कहा कि अगर यशस्वी इसी तरह का प्रदर्शन जारी रखते हैं तो वह बहुत आगे जाएंगे। पंत ने कहा- जिस तरह से सभी युवा आगे बढ़ रहे हैं, मुझे लगता है कि वास्तव में यह देखना शानदार है। आप जानते हैं, समय के साथ, कुछ नए लोग टीम में आते हैं। हर बार आप उन्हें प्रदर्शन करते हुए नहीं देखेंगे, लेकिन जब वे प्रदर्शन करते हैं और अपना सिर को ठंडा रखकर सिर नीचे रखकर... जैसे ज्यादा न सोचते हुए मैच जिताते हैं तो मजा आ जाता है। यशस्वी वह खिलाड़ी है जो अपना सिर नीचे रखना पसंद करता है और बस वही करता रहता है जो वह कर रहा है। वह किसी के स्लेज बातों में नहीं आता और बस अपने काम को ठीक ढंग से करता है। मुझे लगता है कि अगर वह ऐसा करना जारी रखता है, तो एक लंबा रास्ता तय करने में कामयाब हो सकता है। यशस्वी ने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ समाप्त हुई घरेलू सीरीज के दौरान भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे थे। पांच मैचों की नौ पारियों में उन्होंने 89.00 की औसत से 712 रन बनाए, जिसमें दो दोहरे शतक और तीन अर्द्धशतक शामिल थे।

# एमसीए ने उठाया बड़ा कदम, ट्रॉफी जीतने पर बढ़ाई ईनामी राशि

**नई दिल्ली।** मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने गुरुवार को रणजी ट्रॉफी 2023-24 के फाइनल में विदर्भ को हराकर ट्रॉफी जीतने वाली मुंबई टीम के लिए बड़ा एलान किया है। उन्होंने 42वीं बार रणजी जीतने वाली मुंबई टीम के लिए पांच करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि देने की घोषणा की है। एमसीए के सचिव अजिंक्या नाइक ने कहा- एमसीए अध्यक्ष अमोल काले और शीर्ष परिषद ने रणजी ट्रॉफी की इनामी राशि दोगुनी करने का फैसला किया है। मुंबई रणजी ट्रॉफी विजेता टीम को एमसीए पांच करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि देगा। एमसीए के लिए यह साल शानदार रहा क्योंकि संघ ने सात खिताब जीते हैं और हमने बीसीसीआई टूनार्मेंटों में सभी आयु वर्ग में नॉकआउट स्टेज में जगह बनाई है। मुंबई ने गुरुवार को वानखेड़े स्टेडियम में विदर्भ को 169 रनों से हराकर रिकॉर्ड 42वां रणजी ट्रॉफी खिताब जीता। रणजी ट्रॉफी के खिताबी मुकाबले में विदर्भ के कप्तान अक्षय वाडकर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 224 रन बनाए। जवाब में विदर्भ की पहली पारी 105 रन पर सिमट गई। अपनी दूसरी पारी में मुंबई ने 418 रन बनाए और उनकी कुल बढ़त 537 रन की हुई और विदर्भ के सामने 538 रन का लक्ष्य दिया। जवाब में विदर्भ की टीम अपनी दूसरी पारी में 368 रन पर ऑलआउट हो गई। इसी के साथ मुंबई ने 169 से मुकाबला जीत लिया।




# लाभार्थी संपर्क अभियान में बृज विहार मंडल ने किया टॉप



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के नेतृत्व में चले लाभार्थी संपर्क अभियान में बृज विहार मंडल नंबर एक पर रहा। बृज विहार मंडल अध्यक्ष सुधीर त्यागी ने बताया कि केंद्र सरकार की योजनाओं से लाभान्वित लोगों के जेहन में इन योजनाओं की यादों को ताजा कराना था। इन्हें यह बताना है कि नरेंद्र मोदी सरकार ने जो योजनाएं चलाई हैं वह सीधे तौर पर जरूरतमंद लोगों तक पहुंची हैं। केंद्र सरकार ने जनहित की योजनाओं को धरातल पर उतार कर जनता से किए गए एक-एक वायदे को पूरा किया है। उन्होंने कहा कि हम जितने लाभार्थियों से मिलेंगे पार्टी उतनी ही मजबूत होगी और पिछले चुनाव से ज्यादा इस बार मत पाने में सफल होंगे। देश में भाजपा का जनाधार बढ़ रहा है, हमें 400 सीट पाने में कठिनाई नहीं होगी। सुधीर त्यागी ने बताया कि बृज विहार मंडल गाजियाबाद में नंबर वन पर आया है, तो यह कार्यकर्ताओं की मेहनत का नतीजा है।

## पीएम सूर्य केन्द्रीय राज्यमंत्री ने घर मुफ्त बिजली योजना की शुरूआत

मुरादनगर करंट क्राइम। नगर क्षेत्र के गांव काकड़ा में केन्द्रीय सड़क परिवहन, राजमार्ग एवं नागर विमानन राज्यमंत्री वी.के. सिंह ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की शुरूआत की। गांव काकड़ा देश का पहला गांव बन गया, जहां पर यह योजना की शुरू हुई है। जिला गाजियाबाद के दो सौ गांवों में सौर पैनल स्थापित किए जाएगे। गांव काकड़ा में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केन्द्रीय राज्यमंत्री वीके सिंह ने कहा कि अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर के उदघाटन समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक करोड घरों को सौर ऊर्जा के पैनल लगाने की घोषणा की थी। इस योजना का नाम प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना रखा गया था।

# स्वदेशी तकनीक पर आधारित विज्ञान महोत्सव का आयोजन किया गया

**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद तथा शिक्षा विभाग द्वारा आज गुरूवार को विज्ञान महोत्सव का आयोजन किया गया जिसका मुख्य विषय विकसित भारत के लिए स्वदेशी तकनीक रहा। इस महोत्सव में विज्ञान मॉडल महान वैज्ञानिक चित्र प्रदर्शनी एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता रखी गई जिसमें विभिन्न उच्च प्राथमिक स्तर के विद्यालयों सरकारी एवं पब्लिक स्कूलों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्र छात्राओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण स्वदेशी के प्रति रुझान एवं उनके रचनात्मक कौशल व तार्किक क्षमता का विकास रहा। विजेता छात्रों को वैज्ञानिक अधिकारी सुरेश चंद्र शर्मा, विवेक सुदर्शन, आर पी वाणी शर्मा व अंजू सैनी द्वारा पुरस्कृत किया गया। प्रश्नोतरी में आकांक्षी खुशी और रोहन क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। वर्किंग मॉडल में नूर सलाम शुभम व चमन क्रमशः प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर रहे। मयंक और सरमिगत को विशेष पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में ट्रेनर अरविंद शर्मा, कुणाल मुदगल, एसआरजी पूनम शर्मा व विनीता त्यागी ने भी प्रतिभाग किया। वैज्ञानिक अधिकारी द्वारा सभी को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।





# संस्कार एजुकेशनल ग्रुप में फामाकोविजिलेंस पर दो दिवसीय कार्यशाला

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** संस्कार कॉलेज ऑफ फार्मेसी एंड रिसर्च में फामाकोपियल शिक्षा और रोगी सुरक्षा सेल ने भारतीय फामाकोपिया आयोग के सहयोग से फामाकोविजिलेंस पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। भारतीय फामाकोपिया के महत्व के बारे में छात्रों को जागरूक करने के लिए सेल द्वारा कई गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

कार्यशाला की शुरूआत मुख्य अतिथि डॉ. जय प्रकाश वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक अधिकारी, प्रभारी अधिकारी - फामाकोविजिलेंस प्रोग्राम ऑफ इंडिया और सम्मानित अतिथि, डॉ. अनिल कुमार तेवतिया, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक अधिकारी, भारतीय फामाकोपिया आयोग द्वारा दीप प्रज्वलित करके की गई। इस मौके पर निदेशक, प्रोफेसर डॉ. बबीता कुमार, विभागाध्यक्ष, डॉ. शबनम ऐन और डॉ. अनुराधा सिंह मौजूद रहीं। कार्यशाला के दौरान प्रोफेसर डॉ. बबीता कुमार ने कार्यशाला में आए सभी गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया और दो दिवसीय कार्यशाला की सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। डॉ. अनिल कुमार तेवतिया ने भारतीय फामाकोपिया में अच्छी प्रयोगशाला प्रथाओं और मोनोग्राफ के विकास का वर्णन किया। कार्यशाला में बी.फार्मा तृतीय वर्ष एवं अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने जोश एवं उत्साह के साथ भाग लिया। अध्यक्ष-एसईजी, मनोज कुमार गुप्ता, लव अग्रवाल और कुश अग्रवाल ने कार्यशाला की सफलता के लिए सभी संकाय सदस्यों और छात्रों को अपनी शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. कुर्रतुल ऐन, सुश्री अक्ष राठी, अर्जुन नागर द्वारा किया गया।












# 'बहुत बड़ा फैसला था', रोहित से एमआई की कप्तानी छिनने पर युवी ने दिया बड़ा बयान

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 का 17वां सीजन मुंबई इंडियंस के लिए खास होने वाला है। टीम में हार्दिक पांड्या की वापसी होगी लेकिन इस बार वह नई भूमिका में नजर आएंगे। टीम मैनेजमेंट ने नीलामी के दौरान स्टार ऑलराउंडर को गुजरात टाइटंस से ट्रेड किया था। आगामी सीजन में वह रोहित शर्मा की जगह टीम की कमान संभालते नजर आएंगे। इस मुद्दे पर क्रिकेट जगत के तमाम दिग्गजों ने अलग-अलग राय दी। ऐसे में युवराज सिंह भी पीछे नहीं रहे, उन्होंने टीम मैनेजमेंट के इस फैसले पर बात की। आईपीएल के आगामी सीजन में मुंबई इंडियंस अपने अभियान की शुरूआत 24 मार्च से गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच से करेगी। हार्दिक मुंबई का नेतृत्व करेंगे जबकि शुभमन गिल गुजरात की अगुवाई करते नजर आएंगे। मुंबई को पांच बार टूनार्मेंट का खिताब जिताने वाले रोहित शर्मा इस बार बतौर बल्लेबाज खेलते नजर आएंगे। टीम मैनेजमेंट के इस फैसले पर युवी ने कहा है कि हार्दिक की वापसी के बाद रोहित को एक और सीजन में कप्तानी करने देना चाहिए था। पहले ऑलराउंडर को टीम का उप-कप्तान बनाते। पूर्व भारतीय खिलाड़ी ने जताई फैसले पर आपत्ति युवराज ने कहा, स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए युवराज सिंह ने कहा, रोहित शर्मा ने बतौर कप्तान 5 आईपीएल खिताब जीते हैं, उनको कप्तानी से हटाना एक बड़ा फैसला था। लेकिन अगर आप किसी भी खिलाड़ी को टीम में लाते हैं, जैसे कि हार्दिक आए... तो भी मैं एक और सीजन रोहित शर्मा को कप्तानी का मौका देता...वहीं हार्दिक को मैं टीम का उप-कप्तान बनाता और देखता कि पूरी फ्रेंचाइजी कैसे काम कर रही है। उन्होंने आगे कहा, लेकिन अगर मैं फ्रेंचाइजी के नजरिए से देखूं तो वह फ्यूचर के बारे में सोच रहे हैं। लेकिन अगर रोहित भारत की कप्तानी कर रहे हैं और अच्छा खेल रहे हैं तो यह काफी बड़ा फैसला है। इसलिए मुझे लगता है कि हर किसी की अपनी-अपनी राय होती है, फ्रेंचाइजी अपने फ्यूचर को देखते हुए सही राय के साथ जाएगी। तो मुझे लगता है कि उनका सोचना यही था। उम्मीद है कि वह बेहतर करेंगे। मुंबई को लग सकता है तगड़ा झटका मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुंबई इंडियंस के अहम बल्लेबाजों में से एक सूर्यकुमार यादव की उपलब्धता आगामी टूनार्मेंट के शरुआती दो मैचों में संदिग्ध मानी जा रही है। मुंबई अपना पहला मुकाबला 24 मार्च को गुजरात टाइटंस के खिलाफ और दूसरा मैच सनराइजर्स हैदराबाद (27 मार्च) के खिलाफ खेलेगी।

इन दो मैचों से पहले एनसीए की मेडिकल टीम सूर्या को फिटनेस सर्टिफिकेट देगी या नहीं देगी, इस पर संशय बना हुआ है। पिछले साल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली गई सीरीज के दौरान टीम इंडिया के विस्फोटक बल्लेबाज चोटिल हो गए थे।




# आरसीबी और मुंबई के बीच खेला जाएगा एलिमिनेटर मैच

**नई दिल्ली।** महिला प्रीमियर लीग के दूसरे सीजन का एलिमिनेटर मुकाबला मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच खेला जाएगा। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम इस सीजन में दूसरे स्थान पर रही जबकि आरसीबी अंक तालिका में तीसरे पायदान पर रही। बुधवार की शाम को दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात जाएंट्स के बीच खेले गए मैच में मेग लैनिंग की टीम ने एक बार फिर जीत हासिल की और फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई। पिछले सीजन में भी दिल्ली ने फाइनल में सबसे पहले जगह बनाई थी। मुंबई का पलड़ा भारी शुक्रवार (15 मार्च) को मुंबई इंडियंस और आरसीबी के बीच जबरदस्त टक्कर देखने को मिलेगी। मंधाना की टीम ने इस सीजन में कुल आठ मैच खेले जिनमें चार में उसने जीत का स्वाद चखा। वहीं, मुंबई ने आठ मुकाबलों में पांच में जीत दर्ज की। इस सीजन में दोनों टीमों के बीच दो लीग मैच खेले गए जिनमें एक मुकाबला हरमनप्रीत कौर की टीम ने जीता तो दूसरा आरसीबी ने जीता। वहीं, पिछले सीजन में भी दोनों टीमों के बीच दो लीग मैच खेले गए थे जिनमें दोनों मुकाबले मुंबई ने जीते थे। ऐसे में देखा जाए तो मुंबई का पलड़ा भारी है। एलिस पेरी के दम पर आरसीबी ने तय किया प्लेऑफ का सफर 12 मार्च को खेले गए 19वें लीग मैच में आरसीबी की स्टार ऑलराउंडर एलिस पेरी ने दमदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 15 रन पर छह विकेट लेकर महिला प्रीमियर लीग के इतिहास की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी की। उसके बाद उन्होंने नाबाद 40 रन भी बनाए। पेरी की बदौलत मुंबई 19 ओवर में 113 रन पर सिमट गई। जवाब में आरसीबी ने 15 ओवर में तीन विकेट पर 115 रन बनाकर सात विकेट से जीत हासिल कर ली। प्लेयर ऑफ द मैच एलिस पेरी के यादगार ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत आरसीबी ने प्लेऑफ में जगह बना ली। एलिमिनेटर मैच में भी महिला खिलाड़ी से ऐसे ही प्रदर्शन की उम्मीद होगी। महिला प्रीमियर लीग के लिए दोनों टीमें इस प्रकार हैं रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरुः स्मृति मंधाना (कप्तान), दिशा कसात, सब्बिनेनी मेघना, आशा शोभना, एलिस पैरी, जॉर्जिया वेयरहैम, नैदिन डि क्लर्क, श्रेयंका पाटिल, शुभा सतीश, सोफी डिवाइन, इंद्राणी रॉय (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), एकता बिष्ट, केट क्रॉस, रेणुका सिंह, श्रद्धा पोकारकर, सिमरन बहादुर, सोफी मोलिनेक्स।




# आईपीएल के शुरूआती मैच नहीं खेलेंगे श्रेयस अय्यर?

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज श्रेयस अय्यर पिछले कुछ वक्त से पीठ की चोट से परेशान हैं। मंगलवार को रणजी ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में विदर्भ के खिलाफ उन्होंने दमदार प्रदर्शन किया। इस दौरान वह पीठ दर्द से परेशान दिखे। अय्यर की यह चोट कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए सिरदर्द बन गई है। पिछले साल उन्होंने सर्जरी कराई थी, जिस वजह से वह आईपीएल 2023 में नहीं खेल पाए थे। इस बीच खबर आ रही है कि वह एक बार फिर आगामी टूनार्मेंट के शुरूआती मुकाबलों से बाहर हो सकते हैं।

आईपीएल 2024 में केकेआर 23 मार्च को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच से अपने अभियान की शुरूआत करेगी। इससे पहले टीम को तगड़ा झटका लग सकता है। दरअसल, कप्तान श्रेयस अय्यर को पीठ दर्द की समस्या से जूझते देखा जा रहा है।

# चुनाव से पहले तीन एसीपी के बदले कार्यक्षेत्र

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आगामी लोकसभा चुनाव से ठीक पहले पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में गुरुवार की रात एसीपी स्तर के तीन अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। एसीपी रविंदर कुमार वर्मा को एसीपी सिटी से एसीपी प्रोटोकॉल और सुरक्षा बनाया गया है तो वहीं एसीपी ट्रैफिक प्रियाश्री पाल को एसीपी सिटी बनाया गया है। जियाउद्दीन अहमद को एसीपी अकाउंट के साथ-साथ ट्रैफिक की भी अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। पुलिस कमिश्नरेट के सूत्र बता रहे हैं कि आगामी लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने से पहले पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में एसीपी अधिकारियों का यह फेरबदल कई और संकेत भी दे रहा है।

**गाजियाबाद नगर निगम**
(I.S.O. 14001, 18001 एवं 19001 प्रमाणित संस्था)
पत्रांकः मीमो/पार्किंग/2023-24 दिनांकः 14.3.2024
**पार्किंग स्थलों की खुली बोली हेतु आवश्यक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि गाजियाबाद नगर निगम द्वारा विभिन्न पार्किंग स्थलों पर संचालित/अधिकृत 07 सामान्य पार्किंग स्थलों मोहन नगर सरदार पटेल संस्थान के बराबर में (सड़क के दोनों तरफ) श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क के बाहर, नवयुग मार्किट स्थित पंजाब नेशनल बैंक व इलाहाबाद बैंक के बाहर मुख्य कार्यालय नवयुग मार्किट स्थित पोस्ट आफिस से स्टेट बैंक तक, आर.टी.ओ. कार्यालय के बाहर, आपुलेन्ट मॉल के बाहर, मोहन नगर स्थित मीटा कम्पनी से बर्ल्ड स्कवायर मॉल तक, कविनगर जोनान्तर्गत स्थित कविनगर औद्यो० क्षेत्र, बुलन्दशहर रोड औद्यो० क्षेत्र, अमृत स्टील कम्पाउन्ड के निकट औद्यो० क्षेत्र जी.टी. रोड, विजयनगर जोनान्तर्गत स्थित साऊथ साईड औधो० क्षेत्र विजयनगर, सिटी जोनान्तर्गत स्थित मेरठ रोड औद्यो० क्षेत्र, नन्दग्राम 150 फुटा रोड रेत मण्डी के पास, वसुन्धरा जोनान्तर्गत स्थित साहिबाबाद साईट-4 सम्पूर्ण औ० क्षेत्र, सड़क पटरी किनारे खड़े होने वाले माल वाहक वाहनों तथा टाटा-407, ट्रक, ट्रोला, ट्रैक्टर-ट्राली आदि वाहनों से निर्धारित शर्तों के अनुसार पार्किंग शुल्क की वसूली करने हेतु दिनांक 15-03-2024 को 3-00 बजे से नवयुग मार्किट स्थित नगर निगम मुख्यालय में किया जायेगा। पार्किंग स्थलों की नियम शर्तों के सम्बन्ध में जानकारी नगर निगम मुख्यालय स्थित चतुर्थ तल के कक्ष संख्या-03 से प्राप्त की जा सकती है तथा नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गयी है। खुली बोली के माध्यम से प्राप्त अधिकतम धनराशि पर ही स्वीकृति हेतु विचार किया जायेगा।
पार्किंग प्रभारी
गाजियाबाद नगर निगम

# ऑरेंज कैप की दौड़ में शेफाली ने लगाई जबरदस्त छलांग

**नई दिल्ली।** महिला प्रीमियर लीग का दूसरा सीजन मुहाने पर पहुंच गया है। दो टीमें प्लेऑफ की रेस से बाहर हो चुकी हैं जबकि दिल्ली कैपिटल्स फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई है। पिछले संस्करण की तरह इस बार भी महिला बल्लेबाजों ने दमदार प्रदर्शन किया और जमकर चौकों-छक्कों की बरसात की। ऐसे में ऑरेंज कैप की रेस दिलचस्प हो गई है।

**गाजियाबाद नगर निगम**
पत्रांकः- मीमो / पर्किंग/2023-24 दिनांक : 14/03/2024
**पार्किंग स्थलों की खुली बोली हेतु आवश्यक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि गाजियाबाद नगर निगम द्वारा विभिन्न पार्किंग स्थलों पर संचालित/अधिकृत 07 सामान्य पार्किंग स्थलों मोहन नगर सरदार पटेल संस्थान के बराबर में (सड़क के दोनों तरफ),श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क के बाहर, नवयुग मार्किट स्थित पंजाब नेशनल बैंक व इलाहाबाद बैंक के बाहर, मुख्य कार्यालय नवयुग मार्किट स्थित- पोस्ट आफिस से स्टेट बैंक तक, आर.टी.ओ. कार्यालय के बाहर, आपुलेन्ट मॉल के बाहर, मोहन नगर स्थित मीटा कम्पनी से वर्ल्ड स्कवायर मॉल तक, कविनगर जोनान्तर्गत स्थित कविनगर औद्यो0 क्षेत्र, बुलन्दशहर रोड औद्यो0 क्षेत्र, अमृत स्टील कम्पाऊन्ड के निकट औद्यो0 क्षेत्र जी.टी. रोड, विजयनगर जोनान्तर्गत स्थित साऊथ साईड औद्यो0 क्षेत्र विजयनगर, सिटी जोनान्तर्गत स्थित मेरठ रोड औद्यो0 क्षेत्र,नन्दग्राम 50 फुटा रोड रेत मण्डी के पास, वसुन्धरा जोनान्तर्गत स्थित साहिबाबाद साईट-4 सम्पूर्ण औ0 क्षेत्र, सड़क पटरी किनारे खड़े होने वाले माल वाहक वाहनों यथा टाटा-407, ट्रक, ट्रोला, ट्रैक्टर-ट्राली आदि वाहनों से निर्धारित शर्तों के अनुसार पार्किंग शुल्क की वसूली करने हेतु दिनांक 15.03.2024 को 3.00 बजे से नवयुग मार्किट स्थित नगर निगम मुख्यालय में किया जायेगा। पार्किंग स्थलों की नियम शर्ते के सम्बन्ध में जानकारी नगर निगम मुख्यालय स्थित चतुर्थ तल के कक्ष संख्या-03 से प्राप्त की जा सकती है तथा नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गयी हैं। खुली बोली के माध्यम से प्राप्त अधिकतम धनराशि पर ही स्वीकृति हेतु विचार किया जायेगा।
**पार्किंग प्रभारी**
**गाजियाबाद नगर निगम।**

# स्वः विक्रम सिंह चंदेला को शोकसभा में दी गई श्रद्धांजलि





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। दयानगर स्थित खड़म सिंह मार्किट निवासी विक्रम सिंह चंदेला का गत 9 मार्च को निधन हो गया । गुरूवार को उनके निवास पर शोकसभा आयोजित की गई। शोकसभा में शहर के राजनीतिक, सामाजिक व गणमान्य लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# निगम पार्षद उर्मिला चौहान पंचतत्व में विलीन



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** निगम पार्षद उर्मिला चौहान का निधन हो गया। वह पिछले कुछ दिनों से बीमार थी। दिल्ली के एक अस्पताल में उनका उपचार किया जा रहा था। अचानक उनकी हालत गंभीर हो गई और तमाम कोशिशों के बाद भी उन्हें बचाया नही जा सका। उनकी अंतिम यात्रा उनके नेहरू नगर आवास से हिंडन मोक्ष स्थली शमशान घाट पहुंची। यहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। शहर के सभी वर्गों के लोगो ने शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

### शेरिंग टोबगे का 5 दिवसीय भारत दौरा है बेहद खास

# प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद पहली यात्रा के लिए दिल्ली को चुना



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत से भूटान को पेट्रोलियम, तेल, स्नेहक (पीओएल) और संबंधित उत्पादों की सामान्य आपूर्ति पर एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने की मंजूरी दे दी है। भारत और भूटान के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण कदम है। भारत सरकार और भूटान की शाही सरकार के बीच समझौता ज्ञापन, हाइड्रोकार्बन क्षेत्र में द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाने, भूटान को पेट्रोलियम उत्पादों की सुरक्षित और दीर्घकालिक आपूर्ति सुनिश्चित करने का प्रयास करता है।

भूटान के नेता 14 से 18 मार्च तक भारत की यात्रा पर हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ विभिन्न मुद्दों पर बातचीत करेंगे। वह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मुलाकात करेंगे। राज्य देश में तेल, तेल, स्नेहक और अन्य पेट्रोलियम से संबंधित उत्पादों की आपूर्ति के लिए भूटान की शाही सरकार के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर करेगा। समझौते का उद्देश्य भारत और भूटान के बीच विशेष रूप से हाइड्रोकार्बन के क्षेत्र में आर्थिक और वाणिज्यिक संबंधों को मजबूत करना है।

इससे हाइड्रोकार्बन क्षेत्र में द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा मिलने और भूटान को पेट्रोलियम उत्पादों की दीर्घकालिक आपूर्ति सुनिश्चित होने की उम्मीद है। समझौते पर हस्ताक्षर ऊर्जा सुरक्षा हासिल करने के भारत के प्रयासों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। समझौता ज्ञापन भारत की पड़ोसी प्रथम नीति के हिस्से के रूप में रणनीतिक रूप से उपयुक्त होगा।

# सीमा विवाद तक सीमित नहीं हैं भारत के साथ संबंध, कहा- दोनों तरफ से विश्वास बहाली की जरूरत



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अरुणाचल दौरे पर अनर्गल टिप्पणी करने के बाद भारत के कड़े रुख को देख चीन के सुर नरम पड़ गए हैं। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग बेनबिन ने कहा, चीन और भारत दोनों मानते हैं कि सीमा विवाद का जल्द समाधान दोनों देशों के हित में है।

वेनबिन ने कहा, हम उम्मीद करते हैं कि दोनों पक्ष भारत-चीन के नेताओं के बीच बनी साझा समझ और विभिन्न समझौतों की भावना के अनुरूप राजनयिक और सैन्य चैनलों के जरिये वार्ता जारी रखेंगे और सीमा विवाद के ऐसे हल तक पहुंचेंगे जो दोनों को स्वीकार्य हो। वांग ने उम्मीद जताई कि भारत द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक ऊंचाई देने के लिए दीर्घकालिक सोच के साथ चीन के साथ एक दिशा में काम करेगा। उन्होंने कहा, हम हमें आपसी विश्वास बढ़ाना चाहिए और गलतफहमियों और गलत फैसलों से बचना चाहिए। किसी भी तरह की बाधा को दूर करने के लिए बातचीत और सहयोग बढ़ाना चाहिए। हमें अनावश्यक विवाद खड़ा करने से बचना चाहिए। इस तरह हम द्विपक्षीय संबंधों को विकास के मजबूत और स्थिर रास्ते पर ला सकते हैं।

## सीमा विवाद पर जयशंकर की बात का किया समर्थन

यह ध्यान दिलाए जाने पर कि जयशंकर ने पूर्वी लद्दाख में हालिया विवाद के समाधान पर जोर दिया है जहां दोनों देशों ने भारी संख्या में सैनिक जमावड़ा कर रखा है जबकि चीन पूरे सीमा विवाद को सुलझाने की बात कर रहा है, वांग ने कहा, दोनों बातों की प्रकृति एक जैसी है। वेनबिन ने कहा कि दोनों देशों को गलत निर्णय लेने से बचने के लिए आपसी विश्वास बहाल करना होगा, क्योंकि यह पूरी तरह सच है कि आपस में झगड़े से किसी को कोई लाभ नहीं मिलने वाला। वांग...वांग ने बुधवार को जयशंकर के इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि चीन और भारत दोनों का मानना है कि सीमा पर स्थिति जल्द से जल्द सामान्य हो, क्योंकि यही दोनों पक्षों के साझा हित में हैं।

## यूएन में भी आतंकवाद पर भारत ने चीन को घेरा

जयशंकर ने कहा था, अगर चीन इन समझौतों का पालन करे, तो दोनों देशों के बीच तनाव खत्म हो सकता है और सीमा विवाद के स्थायी हल का रास्ता खुल सकता है। इसी तरह सोमवार को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने चीन को आतंक पर इसके दोहरे रवैये को लेकर घेरते हुए कहा था कि संयुक्त राष्ट्र की तरफ से जिन्हें वैश्विक आतंकी घोषित कर दिया गया है, चीन सुरक्षा परिषद में उन पाकिस्तानी आतंकियों को बचाने के लिए वीटो पावर का इस्तेमाल करता है।

# राष्ट्रपति मुर्मू के दौरे पर भारत-मॉरीशस के बीच चार समझौते, कारोबारी रिश्तों को मिलेगी मजबूती



**नई दिल्ली।** भारत और मॉरीशस ने बुधवार को मजबूत द्विपक्षीय कारोबारी संबंधों को गति देने के लिए वित्तीय सेवाओं व दोहरे कराधान से बचाव जैसे क्षेत्रों में चार समझौते किए हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू व मॉरीशस के पीएम प्रविंद कुमार जुगनौथ में द्विपक्षीय वार्ता के बाद इन समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, मॉरीशस की तीन दिनी राजकीय यात्रा के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू व मॉरीशस के पीएम के बीच हुई प्रतिनिधिमंडल स्तर की चर्चा के बाद भारतीय अनुदान सहायता से कार्यान्वित 14 सामुदायिक विकास परियोजनाओं का ई-उद्घाटन किया गया।

## विदेश मंत्रालय ने एक्स के जरिए साझा की जानकारी

विदेश मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट किया, 'एक महत्वपूर्ण समझौते में, ऋक्कऋछ इंटरनेशनल फाइनेंशियल सर्विसेज सेंटर्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया और मॉरीशस के वित्तीय सेवा आयोग ने GIFT सिटी और FSC मॉरीशस के बीच वित्तीय सेवा क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।'

इसके अलावा, सार्वजनिक सेवाओं की भर्ती में अनुभव और विशेषज्ञता साझा करने के लिए भारत के संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) और मॉरीशस के लोक सेवा आयोग के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

दोनों देश भारत-मॉरीशस दोहरे कर बचाव समझौते में संशोधन करने के लिए एक प्रोटोकॉल पर भी सहमत हुए, जिससे इसे ओईसीडी/जी20 आधार क्षरण और लाभ स्थानांतरण न्यूनतम मानकों के अनुरूप बनाया जा सके।

भारत के केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और मॉरीशस के भ्रष्टाचार के खिलाफ स्वतंत्र आयोग (आईसीएसी) के बीच एक और समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग से निपटने के लिए सूचना साझा करना और क्षमता निर्माण करने के उद्देश्य से यह एमओयू साइन किया गया।

बता दें कि राष्ट्रपति मुर्मू और मॉरीशस के प्रधान मंत्री ने वस्तुतः 14 सामुदायिक विकास परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया, जिन्हें भारत की मौद्रिक सहायता से कार्यान्वित किया जाना है। उन्होंने भारतीय वित्त पोषण से निर्मित होने वाली मॉरीशस की नई फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला की भी वस्तुतः आधारशिला रखी।

# पाकिस्तान चुनाव में धांधली के आरोपों पर सुनवाई करेगी अमेरिकी कांग्रेस की समिति, पीटीआई ने लगाए हैं आरोप




**इस्लामाबाद।** अमेरिकी कांग्रेस की एक समिति पाकिस्तान में हुए आम चुनाव के मुद्दे पर सुनवाई करेगी। पाकिस्तान चुनाव में धांधली होने के आरोप लगे हैं और पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान की पार्टी ने ये गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोपों पर अमेरिकी कांग्रेस की समिति 20 मार्च को सुनवाई करेगी। इस सुनवाई का शीर्षक 'चुनाव के बाद का पाकिस्तानः पाकिस्तान में लोकतंत्र के भविष्य की चर्चा' होगा।

## डोनाल्ड लू की होगी गवाही

अमेरिका के विदेश विभाग की मध्य पूर्व, उत्तरी अफ्रीका और मध्य एशिया मामलों की उप-समिति पाकिस्तान चुनाव के मसले पर बैठक करेगी। समिति के सामने दक्षिण और मध्य एशिया मामलों के सचिव डोनाल्ड की गवाही भी होगी। गौरतलब है कि पाकिस्तान में इमरान खान की सरकार के दौरान गुप्त जानकारी सार्वजनिक करने के मामले में डोनाल्ड लू की संलिप्तता की बात सामने आई थी। ऐसे में अब अमेरिकी कांग्रेस की समिति के सामने डोनाल्ड लू की गवाही बेहद अहम मानी जा रही है।

पाकिस्तान में बीती 8 फरवरी को आम चुनाव हुए हैं, जिनमें धांधली के आरोप लग रहे हैं। इमरान खान की पार्टी पीटीआई का दावा है कि जनादेश को चोरी करके नई सरकार का गठन किया गया है। पाकिस्तान में हुए आम चुनाव में इमरान खान की पार्टी पीटीआई द्वारा समर्थित 90 निर्दलीय उम्मीदवार जीते हैं। नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएल-एन और पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) ने गठबंधन करके सरकार बनाई है।

## क्या है बैठक का एजेंडा

इस बैठक में पाकिस्तान में मानवाधिकार और लोकतंत्र के समर्थन में प्रस्ताव पारित किया जाएगा। प्रस्ताव में अमेरिकी राष्ट्रपति और विदेश मंत्री को पाकिस्तान के साथ मिलकर काम करने को कहा जाएगा, जिससे पाकिस्तान में लोकतंत्र, मानवाधिकार, कानून का शासन सुनिश्चित हो। साथ ही पाकिस्तान से लोकतांत्रिक संस्थानों को बचाने और संविधान में मिली मौलिक गारंटियों का सम्मान करने की अपील की जाएगी। प्रस्ताव में प्रेस की स्वतंत्रता, विधायिका की स्वतंत्रता और बोलने की आजादी का सम्मान करने की बात कही जाएगी। प्रस्ताव में पाकिस्तान की जनता को दबाने और उन्हें डरा-धमकाकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में शामिल होने से रोकने की आलोचना की जाएगी। साथ ही पाकिस्तान में राजनीतिक या न्यायिक प्रक्रिया को कमजोर करने की किसी भी कोशिश की निंदा की जाएगी।

# नहीं बेचा टिकटॉक तो लगेगा प्रतिबंध, विधेयक हुआ पारित

**वाशिंगटन।** अमेरिका की प्रतिनिधि सभा ने बुधवार को एक विधेयक पारित किया, जिसके तहत लोकप्रिय वीडियो ऐप टिकटॉक का चीनी मालिक अगर इसे नहीं बेचता है तो ऐप पर राष्ट्रव्यापी प्रतिबंध लगाया जाएगा। अमेरिकी सांसदों ने कंपनी की वर्तमान स्वामित्व संरचना को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक खतरा मानते हुए यह कदम उठाया है। प्रतिनिधि सभा में इस विधेयक के पक्ष में 352 और विपक्ष में 65 वोट पड़े, जिससे यह विधेयक ध्वनिमत से पारित हो गया। अब यह विधेयक सीनेट में जाएगा, जहां इसके पारित होने की संभावनाएं स्पष्ट नहीं हैं। अमेरिका में टिकटॉक के 15 करोड़ से अधिक उपयोगकर्ता हैं। टिकटॉक, चीनी प्रौद्योगिकी फर्म बाइटडांस लिमिटेड के पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है। सांसदों का तर्क है कि बाइटडांस चीनी सरकार के समक्ष नतमस्तक है, जो जब चाहे अमेरिका में टिकटॉक के उपयोगकताओं के डेटा तक पहुंच की मांग कर सकती है।

# यूएस में अमेरिका के किसी भी देश की तुलना में सबसे कम मुद्रास्फीति...बाइडेन की फिसली जुबान



**वांशिगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की एक बार फिर कैमरे पर जुबान फिसल गई। जब उन्होंने देश में मुद्रास्फीति से निपटने के अपने प्रशासन के प्रयासों के बारे में बोलते हुए एक और गलती कर दी है। यह कहने के बजाय कि अमेरिका में दुनिया में सबसे कम मुद्रास्फीति दर है, बाइडेन ने कह दिया कि यूएस में अमेरिका में किसी भी देश की तुलना में सबसे कम मुद्रास्फीति दर है। बाइडेन ने विस्कॉन्सिन राज्य के मिल्वौकी में अपने संबोधन में कहा कि मजदूरी कीमतों की तुलना में तेजी से बढ़ रही है और अब हम अमेरिका में किसी भी देश की तुलना में सबसे कम मुद्रास्फीति दरों में से एक हैं। ,फिर भी, हम इसे और भी कम करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

विस्कॉन्सिन में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपनी आर्थिक नीतियों का बचाव करते हुए बाइडेन ने ये बातें कही हैं। ये टिप्पणियाँ राष्ट्रपति पद के लिए बाइडेन की दावेदारी उनकी बढ़ती उम्र और मानसिक तीक्ष्णता पर चिंताओं से घिरे होने के बीच आई है। 81 वर्षीय सबसे उम्रदराज अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन, 5 नवंबर, 2024 को 2020 के चुनाव के दोबारा मैच में अपने पूर्ववर्ती और रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रम्प का सामना करने के लिए तैयार हैं। बाइडेन के मानसिक स्वास्थ्य और बुढ़ापे की हाल ही में जांच की गई है। इससे यह चिंता पैदा हो गई कि राष्ट्रपति चुनाव नजदीक आने के कारण वह दूसरे कार्यकाल के लिए चुनाव लड़ने के लिए उपयुक्त नहीं हैं।

राष्ट्रपति का स्वास्थ्य इस साल की शुरूआत में खबरों में था, जब एक विशेष वकील ने वर्गीकृत दस्तावेजों को अनुचित तरीके से संग्रहीत करने के लिए बाइडेन की जांच करते हुए सुझाव दिया था कि वह अपनी उम्र के कारण मानसिक गिरावट से पीड़ित थे। 345 पन्नों की रिपोर्ट में उन्हें एक सहानुभूतिशील, नेक इरादे वाला, कमजोर याददाश्त वाला बुजुर्ग व्यक्ति बताया गया है।

# फ्लोरिडा में मोटर बोट हादसे में भारतीय छात्र की मौत



**वाशिंगटन।** अमेरिका के फ्लोरिडा में 27 वर्षीय एक भारतीय छात्र की मोटर बोट के दूसरी मोटर बोट से टकरा जाने के कारण मौत हो गई। मीडिया की खबरों में यह जानकारी दी गई। फ्लोरिडा मत्स्य एवं वन्यजीव संरक्षण आयोग (एफडब्ल्यूसी) के अनुसार, भारत के तेलंगाना राज्य का मूल निवासी वेंकटरमण पित्तला शनिवार को किराए की पर्सनल वॉटरक्राफ्ट (पीडब्ल्यूसी) चला रहा था, जो दक्षिण फ्लोरिडा के रहने वाले 14 वर्षीय लड़के द्वारा संचालित एक अन्य पीडब्ल्यूसी से टकरा गई। हादसे में पित्तला की मौत हो गई।

उनके पार्थिव शरीर को तेलंगाना में उनके परिवार के पास वापस भेजने के लिए धन जुटाने हेतु गोफंडमी पेज बनाया गया है। इसमें दी गई जानकारी के अनुसार, पित्तला इंडियानापोलिस में इंडियाना यूनिवर्सिटी पर्ड्यू यूनिवर्सिटी में स्नातक की पढ़ाई कर रहा था। उसकी स्नातक की पढ़ाई मई में पूरी होने वाली थी। मियामी हेराल्ड समाचार पत्र की खबर के अनुसार, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि हादसे में क्या कोई घायल भी हुआ। एफडब्ल्यूसी ने सोमवार को घटना की एक रिपोर्ट जारी की है जिसमें पित्तला तथा दूसरे लड़के का नाम है लेकिन घटना का ब्यौरा नहीं दिया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है ह्यद्यदो मोटरबोट के आपस में टकराने से एक युवक की जान चली गई।

# भारत के खिलाफ आतंकी गतिविधियों के लिए इस्तेमाल हो रही अमेरिका की धरती




**वाशिंगटन।** अमेरिका में रहने वाले भारतीय मूल के लोगों ने एफबीआई और न्याय विभाग और पुलिस के अधिकारियों से मुलाकात की है। इस मुलाकात में भारतीय मूल के लोगों ने आरोप लगाया कि भारत के खिलाफ आतंकी गतिविधियों के लिए अमेरिका की धरती इस्तेमाल हो रही है। कानून प्रवर्तन एजेंसियों से सिलिकॉन वैली में मुलाकात करने वाले भारतीयों के समूह में समुदाय के कई प्रमुख लोग शामिल रहे। इन लोगों ने अमेरिका में हिंदू समुदाय के लोगों के खिलाफ बढ़ रहे घृणा अपराध के मामलों पर चिंता जाहिर की और कार्रवाई की मांग की।

बैठक में सैन फ्रांसिस्को स्थित कॉन्सुलेट में भारतीय ध्वज को नुकसान पहुंचाने के मामले में कार्रवाई न होने पर भी नाराजगी जाहिर की। बैठक में मौजूद कई अधिकारियों ने बताया कि वे खालिस्तानी मुद्दे के बारे में जानते नहीं हैं और समुदाय के लोगों को पहले उन्हें इसके बारे में पूरी जानकारी देनी चाहिए ताकि अलगाववादी समूहों के बारे में जागरुकता बढ़े। भुतोरिया ने बताया कि बैठक में कई अहम मुद्दों पर बात हुई। बीते चार महीने में ही बे एरिया में 11 से ज्यादा हिंदू मंदिरों पर हमले हुए और मंदिरों की दीवारों पर भारत विरोधी बातें लिखी गईं।

## हिंदू और जैन समुदाय के मंदिरों पर हुए हमले

भारतीय दल का नेतृत्व समुदाय के नेता अजय जैन भुतोरिया ने किया। बैठक में अमेरिका में हिंदू और जैन मंदिरों पर हुए हमलों का मुद्दा उठाया गया, साथ ही इस बात से नाराजगी जाहिर की गई कि कानूनी एजेंसियां आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही हैं। भारतीय मूल के लोगों ने आरोप लगाया कि कानूनी एजेंसियां अमेरिका में बैठकर भारत में आतंकवाद फैलाने वाले लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही हैं। इस बैठक में न्याय विभाग के कई अधिकारियों के साथ ही एफबीआई के अधिकारी और सैन फ्रांसिस्को, मिलपितास, फ्रेमॉन्ट और नेवार्क पुलिस के अधिकारी भी शामिल हुए। समुदाय के लोगों ने बताया कि हिंदुओं और जैन समुदाय के लोगों के खिलाफ हाल के महीनों में हमले बढ़े हैं, जिससे समुदायों में डर का माहौल है। आरोप लगाया कि खालिस्तानी लोग स्कूलों, भारतीयों के जनरल स्टोर के बाहर अपनी गाड़ियां खड़ी कर भारतीय समुदाय को उकसाने की कोशिश करते हैं।

# कनाडा की सीमा पर तीन भारतीय समेत चार गिरफ्तार, अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश करने का आरोप




**कनाडा।** कनाडा की सीमा से अमेरिका में अवैध तरीके से प्रवेश करने के आरोप में तीन भारतीय नागरिक समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यूएस बॉर्डर पैट्रोल ने जिन चार लोगों को गिरफ्तार किया है, उनमें एक महिला भी शामिल है। ये सभी बफेलो शहर में इंटरनेशनल रेलरोड ब्रिज पर चर रहे मालगाड़ी से कूद रहे थे। चौथे व्यक्ति की पहचान डोमिनिकन गणराज्य से की गई है। चोट लगने के कारण महिला दौड़ नहीं पा रही थी और पुलिस को करीब आते देख उनलोगों ने महिला को अकेले छोड़ दिया। हालांकि, पुलिस ने पीछा करते हुए सभी को पकड़ लिया। घायल महिला का एरी काउंटी शेरिफ के प्रतिनिधियों और अमेरिकी सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा बलों ने पहले इलाज किया और फिर उसे एंबुलेंस के जरिए स्थानीय मेडिकल केंद्र भेज दिया गया।

जांच के दौरान मालूम चला कि ये सभी बिना दस्तावेज के गैर नागरिक हैं। तीनों भारतीयों को बताविया फेडरल डिटेंशन फैसिलिटी में भेजा गया है और आप्रवासन और राष्ट्रीयता अधिनियम की धारा 212 और 237 के तहत उनके निर्वासन की सुनवाई की जाएगी।

# धनी देशों में मानव विकास रिकॉर्ड स्तर पर, मगर निर्धन देशों के लिए झटका



**यूएन।** मानव विकास पर जारी संयुक्त राष्ट्र की एक नवीन रिपोर्ट में दावा किया गया है कि साल 2023 में वैश्विक मानव विकास अपने रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, मगर उसके साथ ही संपन्न व वंचित समुदायों के बीच की खाई और गहरी हुई है। बताया गया है कि विषमतापूर्ण विकास के कारण सबसे निर्धन देश पीछे छूट रहे हैं, असमानताएं बढ़ रही हैं और राजनैतिक ध्रुवीकरण को हवा मिल रही है।

मानव विकास रिपोर्ट (एचडीआर) बुधवार को 'ब्रेकिंग द ग्रिडलॉकः रीइमेजिंग कोऑपरेशन इन ए पॉलराइज्ड वर्ल्ड' नाम से प्रकाशित की गई है। इसमें प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय, शिक्षा, और जीवन प्रत्याशा के आधार पर देशों का विश्लेषण किया गया है। साथ ही रिपोर्ट में आगाह किया गया है कि सामूहिक कार्रवाई के माध्यम से तत्काल इसका समाधान किया जाना चाहिए।

रिपोर्ट में बताया गया है कि स्विट्जरलैंड, नॉर्वे और आइसलैंड, राष्ट्रीय मानव विकास सूचकों में अग्रणी देश हैं, जबकि मध्य अफ्रीकी गणराज्य, दक्षिण सूडान और सोमालिया सबसे पीछे हैं।

इसमें एक चिंता पैदा करनी वाली बात भी सामने आई है। बताया गया है कि वैश्विक मानव विकास सूचकांक बेहतरी की ओर अग्रसर है, लेकिन यह अपूर्ण, असमान है। साथ ही यह आंशिक वैश्विक स्थिति को बयां करता है। पिछले साल का एचडीआई बताता है कि 2020 और 2021 में कोविड-19 महामारी के दौरान बड़ी गिरावट दर्ज की गई थी, लेकिन अब यह एक ऊंचे स्तर पर पहुंच गया है।

रिपोर्ट के अनुसार, धनी देशों में अभूतपूर्व विकास हुआ है। हालांकि, विश्व के निर्धन देशों में से करीब आधे देश, कोविड संकट से पहले के स्तर से भी नीचे लुढ़क गए हैं।

गुतारेस ने कहा कि आम लोगों की प्राथमिकताओं को पूरा करने के नजरिये से टिकाऊ विकास, एक स्वच्छ पर्यावरण, रहने योग्य पृथ्वी, सुरक्षा, और सर्वजन के लिए गरिमा महत्वपूर्ण है। उन्होंने भविष्य की शिखर बैठक का उल्लेख किया, जो इस साल सितंबर में होनी है।

उन्होंने कहा, 'इस शिखर बैठक की तैयारियों के तहत मैं एक अहम योगदान के रूप में मानव विकास रिपोर्ट की अनुशंसा करता हूं। यह दशार्ती है कि वैश्विक समस्याओं के समाधान हमारी पहुंच में हैं। सहयोग की नए सिरे से कल्पना करके और एक बेहतर भविष्य के लिए एकजुट होकर समस्याओं से निपटा जा सकता है।'

## बुनियादी वजहों और टिकाऊ विकास पर होने वाले असर पर नजर

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने मानव विकास रिपोर्ट के आधार पर कहा कि इसमें ध्रुवीकरण की बुनियादी वजहों और टिकाऊ विकास पर होने वाले असर पर नजर डाली गई है, मगर यह भविष्य के लिए हमारी उम्मीद की भी परिचायक है। उन्होंने कहा कि ये रिपोर्ट अन्तरराष्ट्रीय सहयोग की हमारी व्यवस्थाओं में जल्द विस्तार की अहमियत पर प्रकाश डालती है।

## लोकतंत्र व्यवस्था के लिए एक विरोधाभास भी नजर आया

यूएन विकास कार्यक्रम की रिपोर्ट में लोकतंत्र व्यवस्था के लिए एक विरोधाभास उभरता भी नजर आया है। सर्वेक्षण में हिस्सा लेने वाले 90 प्रतिशत प्रतिभागियों ने लोकतंत्र के लिए समर्थन व्यक्त किया, मगर साथ ही उन नेताओं का भी पक्ष लिया, जिनसे लोकतांत्रिक सिद्धान्त कमजोर हो सकते हैं।

रिपोर्ट बताती है कि इस विरोधाभास, शक्तिहीनता के एहसास और सरकारी निर्णयों पर कोई नियंत्रण ना होने की वजह से, राजनैतिक ध्रुवीकरण को बल मिला है और आत्म-केन्द्रित नीतिगत तौर-तरीके अपनाए जा रहे हैं। बढ़ते जलवायु संकट, कृत्रिम बुद्धिमता और नई उभरती हुई टैक्नॉलॉजी समेत अन्य वैश्विक चुनौतियों की पृष्ठभूमि में एकजुट कार्रवाई के रास्ते में यह बाधक है।

## मानव विकास की चौड़ी होती खाई उजागर हुई

यूएन विकास कार्यक्रम के प्रशासक एखिम स्टाइनर ने कहा कि, 'मानव विकास की चौड़ी होती खाई इस रिपोर्ट से उजागर हुई है, जो दशार्ती है कि संपन्न व निर्धन देशों के बीच स्थिर गति से घटती असमानता का दो दशकों पुराना रुझान अब पलट गया है।' उन्होंने कहा, 'गहराई तक आपस में जुड़े हमारे वैश्विक समाजों के बावजूद, हमारे प्रयास पर्याप्त साबित नहीं हो रहे हैं।' उन्होंने जोर देकर कहा कि हमारी आत्मनिर्भरता और क्षमताओं का लाभ उठाकर, साझा व अस्तित्व से जुड़ी चुनौतियों से निपटना होगा, ताकि लोगों की आकांक्षाओं को पूरा किया जा सके।

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना प्राप्त करने वाला पहला जनपद बना गाजियाबाद : जनरल वीके सिंह

## बिजली को बेचकर सालाना 17 से 18 हजार रुपये तक की हो सकती हैं कमाई









**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मुरादनगर ब्लॉक के गांव काकड़ा में स्थानीय सासंद एवं केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री जनरल डॉ. वीके सिंह ने 'पीएम सूर्य घर' मुफ्त बिजली योजना की शुरूआत की। इस योजना से लाभांवित होने वाला देश का पहला जनपद गाजियाबाद और पहला गांव काकड़ा है। अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन समारोह और भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर प्रधानमंत्री ने देशभर में एक करोड़ घरों को सौर ऊर्जा का तोहफा देने का ऐलान किया था। भारत को आत्मनिर्भर बनाने और बिजली की कमी को दूर करने के लिए एक करोड़ घरों को रूप टॉप सोलर देने का निर्णय लिया था। इस योजना से घरों में बिजली की कमी नहीं होगी। इस योजना से गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को बिजली तो मिलेगी ही, साथ ही भारत ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भी बनेगा।

इस योजना के अंतर्गत देश में रह रहे गरीब परिवारों को 300 यूनिट तक फ्री बिजली प्रदान की जाएगी। साथ ही इससे पैदा होने वाली अतिरिक्त बिजली को बेचकर सालाना 17 से 18 हजार रुपये तक की कमाई भी कर सकते हैं। गौरतलब है कि इस योजना के तहत साल 2026 तक 40 हजार मेगावाट बिजली बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इस योजना का फायदा उठाने वाले उपभोक्ताओं का बिजली बिल कम आएगा और सालाना 18,000 रुपये तक की बचत होगी।

इस योजना के लिए लोग अपनी खाली छत का सही इस्तेमाल बिजली उत्पादन के लिए कर सकते हैं। प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना इलेक्ट्रिक वाहनों की चार्जिंग में भी सहायता करेगी। कार्यक्रम के शुभारम्भ से पूर्व जनरल वीके सिंह द्वारा सम्बंधित अधिकारी व ग्रामवासियों के संग घर की छत पर लगे प्रोजेक्ट का निरीक्षण भी किया। कार्यक्रम के आयोजनकर्ताओं द्वारा सांसद वीके सिंह का शॉल ओढ़ाकर एवं पटका पहनाकर फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, खण्ड विकास अधिकारी सहित इस प्रोजेक्ट पर कार्य कर रही कम्पनी के गणमान्यों का भी स्वागत किया गया।

इस मौके पर आस-पास के गांवों के प्रधानों सहित ग्रामवासियों ने एक स्वर में कहा कि जनरल वी.के.सिंह संकट मोचन का कार्य करते आ रहे हैं वे संकट मोचक हैं। जनरल डॉ. वीके सिंह ने उपस्थित गणमान्यों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह योजना सभी गाजियाबादवासियों के लिए है, इस योजना के शतप्रतिशत सफल होने से पूर्व ही सभी लोगों को 24 घंटे बिजली मिलेगी। इस योजना से आपके घर में प्रकाश तो होगा ही साथ ही आपकी आमदनी के साधन भी बढ़ेंगे। इसके साथ ही उपरोक्त कम्पनी के द्वारा आपके घरों की महिलाओं को पीएम सूर्य घर योजना से सम्बंधित मशीनों-उपकरणों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए प्रशिक्षण दिया जायेगा, जिसके लिए उन्हें इससे आय का एक सुनहरा साधन प्राप्त होगा।कार्यक्रम में प्रोजेक्ट से सम्बंधित गणमान्य, अधिकारी के अलावा अनेक गांवों के प्रधान सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

### जनरल वीके सिंह ने लोगों की छत पर लगे प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया

**(करंट क्राइम)।** इस योजना का लाभ लेने के लिए आपके पास गरीब और मध्य वर्ग होना चाहिए। आवेदक भारतीय होना चाहिए और आवेदक की वार्षिक आय 1.5 लाख रुपए से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना के लिए आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, बिजली का बिल, मोबाइल नंबर, बैंक पासबुक, पासपोर्ट साइज फोटो दस्तावेज होने चाहिए।

## कथावाचक सुश्री जया किशोरी ने कथा के समापन दिवस पर सुमधुर भजनों से भक्ति की गंगा बहाई





**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** धंटाघर रामलीला मैदान में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के समापन दिवस पर गुरूवार को कथावाचक सुश्री जया किशोरी ने राधे राधे से कथा की शुरूआत की। सुश्री जया किशोरी ने कृष्ण के भजन अपने मधुर कंठ से गाये तो ऐसा लगा मानो साक्षात सरस्वती मां उनके कंठ में समा गयी हैं। ।कृष्ण विवाह की कथा के साथ ही उन्होंने भगवान दत्तात्रेय के 24 गुरुओं की कथा सुनाई ।24 गुरुओं में कबूतर, पृथ्वी, सूर्य, पिंगला, वायु, मृग, समुद्र, पतंगा, हाथी, आकाश, जल, मधुमक्खी, मछली, बालक, कुरर पक्षी, अग्नि, चंद्रमा, कुमारी कन्या, सर्प, तीर (बाण) बनाने वाला, मकडी, भृंगी, अजगर और भौंरा (भ्रमर) हैं। जया किशोरी ने राजा परीक्षित की कथा का पूरा सार बताया। जाने माने भजन गायक प्रफुल्ल गुप्ता ने खाटू श्याम के भजनों से समां बांधा। कथावाचक जया किशोरी ने आज के यजमान आशा शर्मा पूर्व मेयर , सुभाष जैन , विजय जिन्दल, नरेश गर्ग, सौरभ गुप्ता, संजय गर्ग, संजय गोयल, राहुल जैन , संजय गुप्ता, आलोक गर्ग, विकास गर्ग, मुकेश बाबा, राजेंद्र गर्ग, योगेश गोयल न्यू वस्त्र लोक व अनिल मित्तल के साथ पूजन किया । कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का अध्यक्ष अनिल अग्रवाल साँवरिया ने स्वागत किया । कार्यक्रम में विशेष रूप से अनिल अग्रवाल साँवरिया, अनिल गर्ग, रामअवतार जिन्दल , आशु बिन्दल, गौरव गर्ग, सौरभ गुप्ता, मुकेश बाबा, आलोक गर्ग , सौरभ किराना मंडी , योगेश गोयल, सुनील त्रिवेणी, वी. के गुप्ता, तनु गम्भीर, संजय गुप्ता फ्रूट वाले , सुनील वार्ष्णेय, अशोक अग्रवाल, ,अरुण सिंघल,सौरभ जायसवाल, भानु सिसोदिया, मंयक अग्रवाल, दीपक अग्रवाल व संजय अग्रवाल ,दीप्ती अरोड़ा , ममता गर्ग, रितू गुप्ता , सीमा गोयल आदि ने कथा में योगदान किया।

# कूड़े के पहाड़ को हटाने की मांग, ग्रामीणों ने 14 दिवसीय पदयात्रा की शुरू

## चेतावनी - 16 गांवों के लोग करेंगे लोकसभा चुनाव का बहिष्कार





**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** गाजियबाद शहर का कूड़ा पाइपलाइन मार्ग पर गांव भिक्कनपुर के पास डालने का विरोध फिर से शुरू हो गया है। लोकसभा चुनाव के बहिष्कार को लेकर ग्रामीणों ने पदयात्रा शुरू कर दी है। पदयात्रा 14 दिन में 16 गांवों में जाएगी और कूड़े से होने वाले नुकसान के बारे में लोगों को अवगत कराएगी।

गाजियाबाद शहर का कूड़ा काफी समय से पाइपलाइन मार्ग पर गांव भिक्कनपुर के पास डाला जा रहा है। गांव भिक्कनपुर में अब कूडे. का पहाड बन गया है। पिछले दिनों इसको लेकर 16 गांवों के लोगों ने आंदोलन चलाया था। ग्रामीणों का कहना है कि नगर निगम द्वारा जो वादे किए गए तो वह पूरे नहीं हुए हैं।

गुरुवार दोपहर को गांव मकरेड़ा से 14 दिवसीय पदयात्रा की शुरूआत हरी झंडी दिखाकर की गई। पदयात्रा पाइपलाइन मार्ग पर पड़ने वाले 16 गांवों में जाएगी और कूड़े के पहाड से होने वाले नुकसान के बारे में ग्रामीणों को जागरुक करेगी। ग्रामीणों का कहना है कि यदि कूड़ा डालना बंद नहीं किया गया तो 16 गांवों के लोग लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे। ग्रामीणों का चेतावनी दी है कि कूड़े की समस्या का समाधान होने तक किसी भी प्रशासनिक अधिकारी को गांव में घुसने नहीं दिया जाएगा, पहले दिन यात्रा में सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## थाना वेव सिटी क्षेत्र और थाना क्रॉसिंग में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** थाना वेव सिटी और थाना क्रॉसिंग क्षेत्र में पुलिस ने सीआरपीएफ और पैरामिलिट्री फोर्स के साथ एरिया डोमिनेशन के तहत रमजान के पावन पर्व, आगामी होली का त्योहार और आगामी लोकसभा चुनाव को मद्दे नजर रखते हुए फ्लैग मार्च किया गया। भारी पुलिस बल के साथ थाना वेव सिटी अंतर्गत डासना में भी फ्लैग मार्च किया गया। एसीपी वेव सिटी ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव व आगामी त्यौहार को मद्देनजर रखते हुए भारी पुलिस बल, सीआरपीएफ पैरामिलिट्री फोर्स के साथ फ्लैग मार्च किया गया व रमजान के पावन पर्व की बधाई देते हुए बताया कि सभी मुस्लिम भाइयों को रमजान के पावन पर्व की हार्दिक बधाई और कहा कि पुलिस जनता के साथ है और जनता को भी चाहिए कि पुलिस का साथ दे। एसीपी ने कहा कि शरारती तत्वों पर कड़ी नजर है जो लोग क्षेत्र में किसी भी तरह की गलत गतिविधि करेंगे तो उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### किसानों ने बड़ी तादात में किया दिल्ली कूच, पुलिस ने रोका



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद से बड़ी तादात में किसानों ने दिल्ली कूच किया। इस बार ट्रैक्टर नहीं प्राइवेट गाड़ियों का इस्तेमाल किया गया। संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर दिल्ली के रामलीला मैदान में किसान मजदूर महापंचायत की जा रही है जिसके तहत किसान मजदूर महापंचायत को सफल बनाने के लिए किसान नेता राकेश टिकैत ने देश के किसानों से महापंचायत में पहुंचने की अपील की है। भारतीय किसान यूनियन गाजियाबाद के नेताओं का दावा है कि गाजियाबाद के हजारों की संख्या में किसान महापंचायत में शामिल होने के लिए दिल्ली जा रहे थे तो गाजियाबाद जिला अध्यक्ष,चौधरी विजेंद्र सिंह और छोटे चौधरी युवा जिला अध्यक्ष गाजियाबाद और मसूरी की टीम के साथ दिल्ली कूच किया, पुलिस ने डासना टोल पर ही किसानों को दिल्ली जाने से रोक दिया।

## विधायक धर्मेश तोमर ने ग्राम इनायतपुर में फीता काटकर सड़क का किया लोकार्पण





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** धौलाना विधायक धर्मेश सिंह तोमर ने त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत ग्राम इनायतपुर में तिमूही से लेकर हरीदत गुर्जर के मकान तक सी0सी रोड कार्य का फीता काटकर लोकार्पण किया। इस अवसर पर विधायक धर्मेश सिंह तोमर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल निर्देशन में उत्तर प्रदेश में सड़क बिजली और पानी तथा अन्य विकास कार्य ताबड़तोड़ कराए जा रहे हैं। इसी कड़ी में इनायतपुर गांव लगभग 82,18 लाख रुपए का सीसी रोड कार्य सड़क निर्माण के लिए लोकार्पण किया गया है। इस सड़क के बनने पर क्षेत्र और गांव के लोगोंको काफी राहत मिलेगी। सड़क के लोकार्पण होने पर गांव के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर शेखर प्रधान,राजबीर प्रधान,राजपाल नागर,बालेश्वर प्रधान,रतिराम बाबूजी,गजराज नेताजी,राज सिंह नागर,नेतराम नागर,सरदार नागर,तेजपाल नागर,नरेंद्र नागर,डाल चन्द भाटी,विक्रम भगत जी,माम चन्द नागर,जगदीश चपराना,सुनील लोहिया,सतबीर नागर, कोशी प्रधान आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## सांसद जनरल वीके सिंह को पुनः टिकट की मांग को लेकर पुरबिया जन कल्याण परिषद ने किया हवन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** गुरुवार को पुरबिया जन कल्याण परिषद के नेतृत्व में वार्ड 28 के पूर्व पार्षद पति सुजीत गिरी के नेतृत्व में करहैड़ा सूर्य मंदिर में काशी के पण्डित द्वारा सांसद गाजियाबाद जनरल वी के सिंह को पुनः गाजियाबाद से टिकट मिलने के लिए पूजा अर्चना और हवन किया गया। ईश्वर से प्रार्थना की कि हम सबके संरक्षक पूर्वाचल कप्तान जनरल वीके सिंह को पुनः टिकट देकर हम सब का सांसद बनाएं। संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्षा रीता सिंह ने कहा कि जनरल वीके सिंह का गाजियाबाद से टिकट होना चाहिए , क्योंकि गाजियाबाद का विकास यदि किया है, तो जनरल वीके सिंह ने किया है। पुरबिया समाज को सम्मान दिलाने का काम भी जनरल के द्वारा किया गया। इस अवसर पर महासचिव पंडित राकेश तिवारी, सचिव मनोज कुमार , मुंगेरी, उपाध्यक्ष साधु राम, डॉ. यती, सुरेंद्र भारती, राम बाबू सिह ,रंजीत शर्मा, पंडित पवन, अनिल और अविनाश पाठक आदि ने भाजपा नेतृत्व से वीके सिंह को टिकट देने की मांग की है।

# यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कौशांबी में 'किडनी हेल्थ फॉर ऑल' सेमिनार आयोजित








**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** गुरुवार को विश्व गुर्दा दिवस पर यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कौशांबी में 'किडनी हेल्थ फॉर ऑल' के नाम से एक सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार में यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, कौशांबी में किडनी का उपचार एवं किडनी प्रत्यारोपण से लाभान्वित रोगियों (जिनमें प्रथम किडनी प्रत्यारोपित मरीज कुमारी नाजिश भी सम्मिलित हुई) को सम्मानित किया गया।

सेमिनार के मुख्य अतिथि वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. आर के मनी, डॉ. अनुज अग्रवाल, सीओओ डॉ सुनील डागर उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त डॉक्टर्स के प्रथम पैनल में डॉ. प्रजीत मजूमदार, डॉ. इंद्रजीत, डा.वैभव सक्सेना, डॉ.कुलदीप अग्रवाल, डॉ. निरेन राव मौजूद रहे। किडनी प्रत्यारोपण के उपरांत मरीज को जहां तक हो सके घर के अंदर ही रहना चाहिए,अगर किसी कारणवश घर से बाहर जाना पड़े तो मास्क का इस्तेमाल करना चाहिए ताकि इंफेक्शन से बचा जा सके। डॉक्टर के द्वितीय पैनल में डॉ.असित खन्ना, डॉ. आयुष गोयल, डॉ अंकित सिंह, डॉ. राहुल चौपड़ा, डॉ. अर्पित गुप्ता, डॉ. सुनील शर्मा सम्मिलित रहे। किडनी प्रत्यारोपण जागरूकता विषय पर चर्चा की गई। इस सेमिनार में वर्तमान में डायलिसिस प्रक्रिया से लाभान्वित रोगियों - राम नरेश, सरिता जग्गा, सैयद अतर हसन, अनिल दिवाकर, संजय राय की किडनी का प्रत्यारोपण किया गया। किडनी दान करने वाले व्यक्तियों - शबीला (मरीज नाजिश की मां), उपेंद्र कुमार (मरीज पारस बालियान के पिता), रचना (मरीज अवनीश कुमार की बहन), सुनीता (मरीज सुनील यादव की मां), शांति देवी (मरीज वीरेश की मां) एवं शन्नो (मरीज रफीक की मां) को सम्मानित किया गया। सेमिनार में ऑनलाइन लाइव वीडियो कांफ्रेंस के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मरीजों को भी सम्मानित किया गया। डॉ. सुनील डागर ने बताया कि प्रारंभिक क्रोनिक किडनी डिजिज में अक्सर लक्षण दिखाई नहीं देते।

किसी भी लक्षण का अनुभव करने से पहले, व्यक्ति 90 प्रतिशत तक गुर्दे की कार्यप्रणाली खो सकता है। सांस लेने में दिक्कत होना, खून में कमी, यूरीन में झाग आना, उच्च रक्तचाप, जी मचलाना या कम भूख लगने जैसे लक्षण दिखने पर तुरंत डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए। मरीज को लंबे समय तक यूरीन में इंफेक्शन होने पर उसकी किडनी खराब होने की संभावना बढ़ जाती है। उच्च रक्तचाप एवं डायबिटीज किडनी के सबसे बड़े दुश्मन है।

### चिन्टू जी




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

### दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कुमार गुप्ता के पुत्र और समरकूल के डायरेक्टर अभिषेक गुप्ता और उनकी धर्मपत्नी सुरभि गुप्ता और पुत्र तास्विक गुप्ता और पुत्री टियारा गुप्ता ने कथा प्रवक्ता पूज्या जया किशोरी जी से मुलाकात करते हुए उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने अपनी आस्था भक्ति भाव और श्रद्धा को फेसबुक पर साझा किया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।